

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 17 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -41 ■ अंक-049 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

# आबकारी घोटाला: कवासी के करीबियों सहित 15 ठिकानों पर छापा

## एसीबी-ईओडब्लू ने पांच शहरों में की कार्रवाई,दस्तावेज जब्त

**रायपुर/सुकमा,दंतेवाड़ा17 मई।** शराब घोटाले मामले में जेल में कैद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू ने दबिश दी है. सूत्रों के मुताबिक, बस्तर संभाग के सुकमा, तोंगपाल, जगदलपुर और दंतेवाड़ा में 13 और रायपुर में 2 ठिकानों को मिलाकर कुल पंद्रह ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की छापेमारी जारी है. जानकारी के अनुसार, जगदलपुर स्थित प्रेम मिगलानी,रायपुर के संतोषी नगर स्थित कमलेश नहाटा परिवार तथा देवेन्द्र नगर में नागेश्वर राव के मकान में छापा मारा गया है।

पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के बेहद करीबी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव राजकुमार तामो के कुम्हारराास स्थित उनके पैतृक निवास में भी एसीबी की रेड पड़ी है। आज सुबह करीब 9 बजे एसीबी की टीम तामो के निवास पर अचानक पहुंची है। दंतेवाड़ा जिले से मात्र 6 किमी दूर कुम्हारराास के कुम्हारपारा में स्थित राजकुमार तामो के निवास पर एसीबी की टीम के पहुंचने से इलाके में हड़कंप मच गया है। राजकुमार तामो के कुम्हारराास स्थित घर पर एसीबी के अधिकारी पहुंचे और अपना आईडेंटी दिखाते हुए सर्च वारंट दिखाया। जिसके बाद पुछताछ की कारवाई शुरू की गई। जिस वक्त एसीबी की टीम घर पर पहुंची तामो व उनकी सरपंच पत्नी बुक्को तामो एवं उनका पुत्र घर पर ही मौजूद थे। अभी करीब 4 घंटे का वक्त बीत चुका है अभी भी एसीबी की टीम तामो के घर के अंदर ही मौजूद है और शराब घोटाले से जुड़े मामलों को खंगाल रही है।

एसीबी की टीम द्वारा घर पर रेड डालने को लेकर जब राजकुमार तामो से मीडिया ने सवाल किया तो तामो ने कहा कि आज सुबह 9 बजे एसीबी की 6 सदस्सीय टीम उनके घर आई है जिसमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होने अंग्रेजी में लिखा एक लेटर दिखाते कहा कि शराब घोटाले से संबंधित जांच के लिए वे यहां आए हैं और आपके घर में रेड करने का उनके पास सर्च वारंट भी है। तामो ने अधिकारियों को उन्हें उनका काम करने की स्वीकृति दी जिसके बाद एसीबी के अधिकारियों ने उनसे शराब घोटाले से जुड़े तमाम सवाल दागे। घर के जमीन के तमाम दस्तावेज, बैंक पासबुक भी एसीबी ने मांगा। तामो ने मीडिया से कहा कि शराब घोटाले में हमारे नेता लखमा कानूनी शिकंजे में है मैं लखमा का करीबी रहा हूं राजनीति तौर भी उनके साथ शुरू से ही जुड़ा रहा हूं। इसलिए एसीबी को लगता होगा कि लखमा ने माल मेरे यहां छिपा रखा होगा शायद इसलिए मेरे यहां आज रेड डाली गई है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले से मेरा कोई कनेक्शन नहीं है। इसलिए मुझे जांच से कोई दिक्कत नहीं है। जो जांच करना है सरकार करवा ले मुझे किसी बात का डर नहीं है।

### अंबिकापुर में कपड़ा व्यापारियों के यहां भी दबिश

अंबिकापुर के चर्चित कपड़ा व्यापारी और सरकारी सप्लायर अशोक अग्रवाल और मुकेश अग्रवाल के ठिकानों पर भी दबिश दी गई। दोनों भाइयों पर सरकारी विभागों में करीब 150 करोड़ रुपए के माल की आपूर्ति में गड़बड़ी का आरोप है। इनका व्यापारिक फर्म ध्वजाराम इंटरप्राइजेज सरकारी विभागों को बड़े पैमाने पर कपड़ा और अन्य सामान सप्लाई करता है। बताया जा रहा है कि इनकी सप्लाई प्रक्रिया में भारी हेरफेर और घोटाले के सबूत मिले हैं। एसीबी की टीमें सुबह करीब 6 बजे विभिन्न ठिकानों पर पहुँचीं और तलाशी शुरू की। कार्रवाई अभी भी जारी है और दस्तावेजों, डिजिटल डाटा, बैंक रिकॉर्ड तथा अन्य अहम साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं।







### ईडी कवासी लखमा के खिलाफ 3773 पन्नों का चालान पेश कर चुकी है

बता दें कि इससे पहले ईडी ने 28 दिसंबर को पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश कवासी के घर छापा मारा था. 15 जनवरी को लखमा को गिरफ्तार किया गया था. 21 जनवरी से लखमा रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद हैं. कवासी लखमा के करीबी प्रेम मिगलानी के जगदलपुर धरमपुरा हाउसिंग बोर्ड स्थित निवास पर तथा लखमा के निजी ड्राइवर बशीर के सुकमा स्थित घर एसीबी-ईओडब्ल्यू की ज्वाइंट टीम ने छापेमारी की है। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी ने कवासी लखमा के खिलाफ 3773 पन्नों का चालान पेश कर चुकी है. चालान में बताया गया है कि पूर्व आबकारी मंत्री लखमा को इस घोटाले की पूरी जानकारी थी. यही नहीं उन्हें 2161 करोड़ रुपए के शराब घोटाले को अंजाम देने वाले सिंडिकेट के प्रमुख बताया है. इसके साथ ही कवासी लखमा की शराब नीति में बदलाव करने में भी भूमिका अहम थी. इसके अलावा चालान में शराब दुकान में निरीक्षण करने से पहले आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से अनुमति लेने का भी जिक्र है. ईडी के चालान में बताया गया है कि शराब घोटाले में अब तक कुल 21 लोगों को आरोपी बनाया गया है. इसमें कवासी लखमा, अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, छत्तीसगढ़ डिस्टलर, वेलकम डिस्टलर, टॉप सिक्योरिटी, ओम सांई ब्रेवरेज, दिशिता वेंचर, नेस्ट जेन पावर, भाटिया वाइन मर्चेंट और सिद्धार्थ सिंघानिया सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं.

## संक्षेप

### आकाशीय बिजली से मोबाइल फटा युवक की मौत

*धमतरी,17 मई।* *आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक का मोबाइल फोन फट गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना धमतरी जिले के भटगांव की है. स्थानीय रहवासी रोहित सिन्हा काम से लौटने के बाद रात में अपने घर के पीछे बाड़ी में लगाए जा रहे टाइल्स का काम देखने गया था. इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आसमानी बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आकर उसका मोबाइल फोन ब्लास्ट हो गया, और युवक जमीन पर गिर पड़ा. बिजली गिरने की तेज आवाज़ सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे. युवक की हालत को देखते हुए पड़ोसियों की मदद से तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है.*

### जंगल में मिली युवक की लाश

*बलरामपुर,17 मई।* *छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक की लाश जंगल में मिली. मृतक युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ क्रिकेट मैच देखने के लिए निकला था, लेकिन बाद में उसका शव जंगल में झाड़ियों के नीचे पड़ा मिला. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई. यह मामला वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र के अजगरा नाले का है.जानकारी के अनुसार, युवक की पहचान केशव के रूप में हुई है. शव पर कई जगह जलने के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से हुई हो सकती है. वहीं शव को झाड़ियों और पत्तों के नीचे छुपाया गया था, जिससे मामले में हत्या की आशंका भी गहराती जा रही है. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी. घटनास्थल से एक आईवी तार भी बरामद किया गया है, जिसे जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है. वहीं फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने का कार्य शुरू कर दिया है. पुलिस मामले में हत्या और दुर्घटना दोनों ही एंगल से जांच जारी है.*

### पाक की पोल खोलने वाली सांसदों की सूची में थरूर का भी नाम

*नई दिल्ली,17 मई।* *पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को जानकारी देंगे। इसके लिए केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को विदेश दौरे पर भेज रही है। इसके लिए मोदी सरकार ने ऑल पार्टी डेलिगेशन बना दी है। यह डेलिगेशन अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे और उसके बाद पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर झूठे प्रचार की पोल खोलेगा। ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी सरकार की मल्टी पार्टी डेलिगेशन की लिस्ट में शशि थरूर का भी नाम है। मगर कांग्रेस की लिस्ट में शशि थरूर का नाम गायब है। जी हां, सरकार ने जो लिस्ट जारी की है, उसमें शशि थरूर का नाम है। मगर जयराम रमेश ने जो कांग्रेस की ओर से लिस्ट जारी की है, उसमें शशि थरूर हैं ही नहीं। दरअसल, केंद्र सरकार ने विदेशों में डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए सात सांसदों को चुना है। सांसदों के डेलिगेशन में अलग-अलग पार्टियों के सांसद शामिल होंगे। शशि थरूर को सरकार ने अमेरिका जोन की कमान सौंपी है। वह कुछ यूरोपीय देशों में भी पाकिस्तान की पोल खोलेंगे।*

## मुख्य रेत तस्कर ने दिया था आदेश- 'कोई भी रोके तो ट्रैक्टर चढ़ा देना'

**बलरामपुर,17 मई।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के सनावल थाना क्षेत्र में रेत माफिया की हैवानियत ने कानून को रौंद डाला। ग्राम लिबरा स्थित कन्हर नदी में 11 मई की रात अवैध रेत खनन रोकने पहुंचे आरक्षक शिवबचन सिंह को तस्करों ने बेरहमी से ट्रैक्टर से कुचल डाला। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए मुख्य सरगना समेत तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक कुल 8 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। जांच में जो खुलासा हुआ, उसने पुलिस को भी हैरान कर दिया। सरगना ने अपने बेटों, भतीजे और अन्य साथियों को आदेश दे रखा था। "जो भी अवैध रेत खनन से रोके, उसे ट्रैक्टर से कुचल दो।" इस गिरोह में मुख्य आरोपी के 9 बेटे, भतीजा और बेटे का साला



शामिल थे। पुलिस की तफ्तीश अब इस खतरनाक रेत साम्राज्य के पूरे नेटवर्क को बेनकाब करने की ओर बढ़ रही है। आईजी दीपक झा के निर्देश पर बलरामपुर एसपी वैभव बैंकर रमन ने सख्त एक्शन लेते हुए घटनास्थल का दौरा किया और रेत तस्करों की तलाश तेज कर दी। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए 7 विशेष टीमें गठित की गईं, जिन्होंने झारखंड और उत्तर प्रदेश में ताबड़तोड़ छापेमारी की। तीन दिनों के भीतर पुलिस ने मुख्य आरोपी नसीमुल हक उर्फ नसीम समेत 8 आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में वह ट्रैक्टर चालक हमिदुल हक भी शामिल है, जिसने आरक्षक को कुचला था, साथ ही नसीम के पांच बेटे और एक भतीजा भी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि, गिरोह का सरगना नसीमुल हक उर्फ नसीम ने उन्हें साफ निर्देश दिए थे, अगर छत्तीसगढ़ प्रशासन या पुलिस रेत खनन रोकने आए, तो ट्रैक्टर चढ़ा देना। इसी खौफनाक आदेश का अंजाम 11 मई की रात देखने को मिला, जब एक आरक्षक को बेरहमी से ट्रैक्टर से कुचल दिया गया।

## शादी नहीं कराने से नाराज छोटे ने की बड़े भाई की हत्या

**खैरागढ़,17 मई।** खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रेंगाकठेरा में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. शुक्रवार रात छोटे भाई ने आपसी विवाद में अपने बड़े भाई की बांस की बल्ली से पीट-पीटकर हत्या कर दी. घर का छोटा भाई शादी न कराए जाने से नाराज था, जिसके चलते वारदात को अंजाम दिया. एसडीओपी खैरागढ़ आशा रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि राकेश लंबे समय से अपनी शादी को लेकर नाराज था. उसका मानना था कि बड़े भाई प्रदीप ने जानबूझकर उसकी शादी नहीं कराई. इस बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो घातक हिंसा में बदल गई. आक्रोशित राकेश ने घर में रखी बांस की बल्ली से प्रदीप के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. एसडीओपी आशा रानी ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राकेश मंडावी फरार है. पुलिस ने गांव में दबिश देकर उसकी तलाश शुरू कर दी है. आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा. ग्रामीण सूत्रों की मानें तो मृतक प्रदीप मंडावी कुल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था. कुछ वर्ष पहले उसके मंझले भाई ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी और अब छोटे भाई राकेश ने प्रदीप की हत्या कर दी. अब इस परिवार में एक भाई मृत, दूसरा आत्महत्या कर चुका और तीसरा फरार हत्यारा बन गया है. घटना के बाद पूरे रेंगाकठेरा गांव में सन्नाटा और शोक का माहौल है. पुलिस ने शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. फिलहाल, आईपीसी की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## केवल आरोप के आधार पर नहीं रोकी जा सकती पेंशन: हाईकोर्ट

**बिलासपुर,17 मई।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अधिकारों को मजबूत करते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायमूर्ति बी.डी. गुरु की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि केवल आरोप या आंतरिक जांच रिपोर्ट के आधार पर किसी सेवानिवृत्त कर्मी की पेंशन, ग्रेच्युटी या अवकाश नकदीकरण रोकना सीधे तौर पर संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। यह फैसला रायगढ़ के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बरनाबस बखला की याचिका पर सुनाया गया। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि उनके खिलाफ न तो कोई न्यायिक प्रक्रिया चली और न ही कोई विधिवत विभागीय कार्रवाई हुई, फिर भी विभाग ने रिटायरमेंटल लाभ रोक दिए, जो पूरी तरह अवैध है। मामले के अनुसार, वर्ष 2017 में एक पुस्तकालय तकनीकी उन्नयन योजना में अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। जांच समिति की रिपोर्ट में वित्तीय गड़बड़ी का उल्लेख तो था, परंतु विभाग ने कोई विधिवत अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की। इसके बावजूद बखला की पेंशन व अन्य लाभ रोक दिए गए। अदालत ने कहा, "रिटायरमेंट के बाद किसी व्यक्ति को बिना विधिक प्रमाण के आर्थिक, सामाजिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करना संविधान और सेवा नियमों दोनों का उल्लंघन है।

## छत्तीसगढ़ सीमा से लगी पहाड़ियों पर नक्सली शिविर ध्वस्त

संबलपुर,17 मई। ओडिशा के बलांगीर जिले में सुरक्षाबलों ने एक माओवादी शिविर का भंडाफोड़ करने में सफलता हासिल की है. साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए हैं. बलांगीर पुलिस ने



जिला स्वैच्छिक बल (डीवीएफ) और एसओजी के साथ मिलकर छत्रदंडी जंगल में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया और माओवादी शिविर को ध्वस्त करने में कामयाबी हासिल की है. सुरक्षाबलों को माओवादियों के होने की खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद यह ऑपरेशन चलाया गया. जानकारी के मुताबिक, बलांगीर जिले के खपराखोल और तुरीकेला थाना क्षेत्रों में माओवादी शिविर का भंडाफोड़ किया गया. खपराखोल पुलिस स्टेशन में आने वाली गंधमर्दन पहाड़ियों और तुरीकेला पुलिस स्टेशन में आने वाले छत्रदंडी जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिली थी, जिसके आधार पर सुरक्षाबलों ने अभियान चलाया. उत्तरी रेंज के आईजी हिमांशु लाल और बलांगीर एसपी अविलाश ने बताया कि हाल ही में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के तहत छत्तीसगढ़ में माओवादियों और उनके शिविरों पर हमलों ने उन्हें ओडिशा में शरण लेने के लिए मजबूर किया है. माओवादी ओडिशा को एक सुरक्षित विकल्प के रूप में देख रहे हैं और उन्होंने राज्य में आना शुरू कर दिया है. गंधमर्दन रिजर्व में तलाशी अभियान माओवादी गतिविधियों की सूचना के कारण चलाया गया था. माना जाता है कि खापराखोल का गंधमर्दन इलाका और तुरीकेला में छत्रदंडी रिजर्व फॉरेस्ट माओवादियों के लिए संचार मार्ग हैं. बलांगीर -बरगढ़-महासमुंद (बीबीएम) डिवीजन छत्तीसगढ़ के जंगल इलाके में माओवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले गलियारे का हिस्सा है.

## मरम्मत के लए कुम्हारी ब्रिज होगा एक माह के लिए बंद

**रायपुर,17 मई।** कुम्हारी ब्रिज का रिपेयरिंग कार्य होने से एक माह के लिए कुम्हारी ब्रिज के एक साइड को बंद कर दिया जाएगा। इसके कारण दुर से रायपुर आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ब्रिज रिपेयरिंग का कार्य 19 मई से शुरू किया जाएगा। दुर्ग से रायपुर आने वाले लोगों को सुगमता पूर्वक आवाजाही करने के लिए वैकल्पिक मार्ग का चयन करना होगा। एक माह के लिए ब्रिज बंद होने से वाहनों का कितना दबाव बढ़ेगा, इसकी जानकारी जुटाने सामान्य प्रशासन विभाग के साथ ब्रिज निर्माण एजेंसी के अधिकारी तथा रायपुर, दुर्ग का ट्रैफिक पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। ब्रिज निर्माण एजेंसी रिपेयरिंग कार्य जल्द से जल्द पूरा हो सके, इसके लिए ब्रिज को पूरी तरह से बंद करना चाहते थे। ब्रिज के पूरी तरह से बंद होने पर दूसरी तरफ के ब्रिज में वाहनों का दबाव और बढ़ जाता, ऐसे में ट्रैफिक कंट्रोल करने में और परेशानी होती। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने ब्रिज को पूरी तरह से बंद करने असहमति जताई, तब जाकर ब्रिज के एक साइड का रिपेयरिंग होने के बाद दूसरे साइड की रिपेयरिंग करने का निणय लिया गया। 60 हजार से ज्यादा वाहनों का दबाव रायपुर से दुर्ग तथा दुर्ग से रायपुर आवाजाही करने कुम्हारी टोल नाका से होकर नियमित 60 हजार से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होती है।

## सीमावर्ती क्षेत्रों का मनोज सिन्हा ने किया दौरा

**श्रीनगर,17 मई।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सशस्त्र बलों के सदस्यों के साथ बातचीत की। इससे पहले आज उन्होंने तंगधार सेक्टर में सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा किया और पाकिस्तान की ओर से सीमा पार से की गई गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन किया। इस दौरान मनोज सिन्हा ने कहा कि पूरी दुनिया ने भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी देखी है और फिर वो (पाकिस्तान) पूरी दुनिया में गिड़गिड़ाने लगा। हम कभी भी युद्ध के पक्ष में नहीं रहे हैं। हम शांति से रहना चाहते हैं। मनोज सिन्हा ने कहा कि आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और कुछ ही दिनों में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। हम विकसित भारत का सपना लेकर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन हमारा पड़ोसी कर्ज के बल पर मानवता को नष्ट करने पर तुला हुआ है। मुझे लगता है कि दिए गए जवाब से उन्हें सबक मिला होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में ऐसा कुछ भी नहीं है जो भारतीय सेना की पहुंच से बाहर हो... मैं फिर से आपके शौर्य, पराक्रम और माँ भारती के प्रति समर्पण को नमन करता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि जब भी ऐसा संकट आए तो देश को पता चले कि हमारा देश आप जैसे वीरों के सुरक्षित हाथों में है। भारत माता की जय। मनोज सिन्हा ने गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के बाद कहा कि प्रतिकूल गोलाबारी के कारण यहां कई घर और व्यावसायिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट से आईएसआईएस स्लीपर सेल के 2 सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई,17 मई।** पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। सुरक्षा में चूक के कारण हुए पहलगाम हमले के बाद एजेंसियां पिछली गलती दोहराना नहीं चाहतीं। यही वजह है कि देश में अंडरग्राउंड तरीके से संचालित हो रहे आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त करने एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों में कमर कस ली है। वहीं दूसरी तरफ बाहरी देशों से आने वालों पर भी कड़ी नजर राखी जा रही है। इसी के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दो भगोड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के सदस्य हैं। दोनों को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टर्मिनल-2) पर इमिग्रेशन ब्यूरो ने उस समय रोका जब वे जकार्ता, इंडोनेशिया से भारत लौटने की कोशिश कर रहे थे, जहां वे लंबे समय से छिपे

## 21 साल बाद किसानों को मिला न्याय

**बिलासपुर,17 मई।** थ्रेशर के लिए लाइन जोड़ते समय मिस्त्री की मौत हो जाने पर सत्र न्यायालय से दोषसिद्ब किसानों ने 21 वर्ष तक मुकदमा लड़ा. हाई कोर्ट ने मौत के लिए मृतक की लापरवाही को ही कारण मानते हुए कहा कि मृतक व्यस्क व संवेदनशील व्यक्ति था. वह बिजली मिस्त्री नहीं था. यह जानते हुए कि करंट लगने से मौत हो जाएगी, वह बिजली के खंभे में खुद से चढ़ा था. कोर्ट ने परिस्थितियों को देखते हुए याचिकाकर्ता किसानों को दोषमुक्त करार दिया. दरअसल, तेलईधार थाना सीतापुर निवासी याचिकाकर्ता शमीम खान एवं अन्य तीन ने गेहूं की फसल के लिए थ्रेशर मशीन लगवाया था. मई 2004 में उन्होंने गांव के शाहजहां को बिजली पोल से मशीन का लाइन जोड़ने बुलाया. लाइन जोड़ने के लिए वह बिजली पोल में चढ़ा था, उसी समय करंट लगने से झुलस कर नीचे गिर गया. इलाज के लिए युवक को पहले सीतापुर के अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालात को देखते हुए रायपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी. सीतापुर पुलिस ने विवेचना उपरांत मृतक को इस कार्य के लिए बुलाने वाले किसानों के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ब कर चालान पेश किया. अंबिकापुर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने किसानों को 6-6 माह कैद एवं 400 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई. इसके खिलाफ किसानों ने सत्र न्यायालय में अपील पेश की. सत्र न्यायालय ने 2010 में अपील खारिज कर सजा की पुष्टि की. इसके बाद किसानों ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई. मामले की सुनवाई के दौरान गवाह ने स्वीकार किया कि मृतक इलेक्ट्रीशियन नहीं था, और मैकेनिकल काम करता था. आरोपी व्यक्तियों द्बारा तार को थ्रेशर मशीन से जोड़ने मृतक पर दबाव नहीं डाला गया था.

एक नजर

## हज पर जा रहे लोगों का मस्जिद ट्रस्ट ने किया इस्तकबाल



**भिलाई, 17 मई।** भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट ने शुक्रवार को हज के मुबारक सफर पर जा रहे लोगों का इस्तकबाल किया। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में जुमे की नमाज के बाद सभी आजमीने हज का गुलपोशी से इस्तकबाल किया गया और मुबारकबाद पेश की गई। मस्जिद के इमाम हाफिज इकबाल अंजुम हैदर ने सभी आजमीने हज को खुशकिस्मत बताते हुए दुआओं की गुजारिश की। मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और तमाम ओहदेदारों सहित मस्जिद में मौजूद नमाजियों ने सबी आजमीने हज का गुलपोशी के साथ इस्तकबाल किया। सभी ने इन जायरीनों से हज के दौरान उनके हक में दुआएं करने की गुजारिश की। इस साल हज के फरीजे को अंजाम देने जा रहे खुशकिस्मत लोगों में जुल्फिकार अली, इमरान खान, अब्दुल खादर हुमायूं बाशा, शब्बीर, अब्दुल जहूर, अब्दुल हई, मोहम्मद अफजल, अली अकबर मुजीबुर रहमान, मोईन, अब्दुल फरीद निजामी, अब्दुल अलीम, वहीदुद्दीन सिद्दीकी, इकबाल गौरी, अतीक हुसैन पाशा, आदिल हुसैन पाशा, डॉ इरशाद अहमद, सलीम खान, मुनव्वर बेग, यूनुस, अतीक उल्लाह, अब्दुल फैयाज,याकूत अहमद, अली हसन, एजाज अहमद, शेख नूरुद्दीन, जमील कुरैशी, इरशाद अहमद, अतीक अहमद और अब्दुल मजीद ने इस शानदार इस्तकबाल के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया।

## आज संध्या निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**भिलाई, 17 मई।** राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए सुभाष चंद्र बोस चौक प्रियदर्शिनी परिसर से तिरंगा यात्रा निकली जाएगी। यह यात्रा सुपेला घड़ी चौक से पावर हाउस होते हुए, अंबेडकर चौक तक जाएगी। वहां से अंडर ब्रिज होते हुए सेंट्रल एवेन्यू, मुर्गा चौक, सेक्टर सेंट्रल एवेन्यू होते सेक्टर 9 चौक से हुडको श्री राम चौक होते हुए कारगिल शहीद पार्क, हुडको में समापन होगा। इसमें सभी राष्ट्रभक्त जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्था के सदस्य, स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, धार्मिक संस्था के लोग, खिलाड़ी, व्यापारी वर्ग, चेंबर के पदाधिकारी, औद्योगिक संस्थानों, पूर्व सेवानिवृत सैनिक, उनके परिवार के सदस्य, पुलिस बल, औद्योगिक सुरक्षा बल, सामाजिक संस्था, सुरक्षा बल, एनडीआरएफ का दल, प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं मीडिया जगत की उपस्थिति में निकाली जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद राष्ट्र भक्ति की भावना जगाने, देश हित सर्वोत्तम हित के प्रति हमेशा जागरूक रहने के लिए के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। सुभाष चंद्र बोस चौक से तिरंगा यात्रा नेहरू नगर चौक में छत्तीसगढ़ के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए, सुपेला चौक के रास्ते आगे बढ़ेगी।

## आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने आधी रात को चालू कराया बोर, निवासियों में हर्ष का माहौल


**भिलाई, 17 मई।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने पानी को लेकर स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए आधी रात को बोर चालू करा पानी सप्लाई का कार्य शुरू कराया । ज्ञात हो कि मदर टेरेसा नगर में पुरूष एवं महिला शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जैसे ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के संज्ञान में यह बात आयी, वे फ़ौरन जोन आयुक्त सतीश यादव एवं संबंधित अभियंता को लेकर वार्ड 31 प्रगति नगर स्थित शौचालय का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर स्थानीय निवासियों ने उन्हें बताया कि शौचालय का निर्माण हो चुका है किन्तु पानी सप्लाई नहीं होने के कारण उन्हे परेशानी हो रही है। बोर है लेकिन मोटर नहीं डालने के कारण ठेकेदार पानी की प्रतिपूर्ति नहीं कर रहा है। आयुक्त ने संबंधित जोन आयुक्त को निर्देशित किया कि शीघ्रता के साथ बोर में मोटर लगाकर पानी की सप्लाई चालू की जाए। 15 मई की रात्रि 11 बजे जोन आयुक्त ने स्वयं खड़े होकर संबंधित बोर में मोटर लगाकर उसे चालू करवा उसका लोकेशन फोटोग्राफ मय वीडियो के साथ आयुक्त को भेजा। इससे स्थानीय निवासियों को बहुत खुशी हुई, सभी लोग अपने आवश्यकतानुसार शौचालय का उपयोग करना शुरू कर दिए हैं। सभी जोन के जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि किसी भी वार्ड में गर्मी को देखते हुए पानी की समस्या नहीं होना चाहिए। यदि किसी कारण से मोटर खराब है या पानी की सप्लाई नहीं हो रहा है तो उसे गैंग के द्वारा सुधरवाया जावे। इसके लिए निगम के पास पर्याप्त बजट है, किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

## महिला के साथ डाक्टर ने छेड़छाड़ की



**भिलाई, 17 मई।** भिलाई बीएमएस डॉक्टर इन्द्रमन कुमार हिरवानी ने इलाज कराने आई महिला के साथ छेड़छाड़ कियामहिला की शिकायत पर जामुल थाने पुलिस ने आरोपी इंद्रमन के खिलाफ धारा 74 वीएमएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया जामुल टीआई राजेश मिश्र ने बताया कि महिला घासीदास नगर स्थित डॉ. हिरवानी के क्लीनिक पर कमर दर्द का इलाज कराने अपने पति के साथ गई थी डॉक्टर इलाज करने के लिए पीड़िता को अंदर कमरे में ले गया जहां इलाज के बहाने छेडखानी करने लगा महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया आरोपी आरोपी इन्द्रमन कुमार हिरवानी पिता शिव प्रसाद हिरवानी (55 साल ) को गिरफ्तार कर लिया ।

# हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री एवं स्वीकृति पत्र वितरित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बिरोड़ा में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और मौके पर ही हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए। समाधान शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। ग्राम बिरोड़ा के शिविर में सिल्हाटी, भिंभौरी, लाखाटोला, विचारपुर, रक्से, बबई, नरोधी, धनौरा, भगवताटोला, तिलईभाट के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, शासन आमजन तक त्वरित और प्रभावी सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत हर ग्राम में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान कर उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ देना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक हितग्राही से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी पात्रता की जांच करें और यदि वे किसी योजना के लिए पात्र हैं तो तुरंत लाभ दिलाएं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने शासन के इस पहल की सराहना की। कई लोगों ने बताया कि पहले जिन समस्याओं के निराकरण के लिए उन्हें कई बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, अब वे समाधान शिविरों के माध्यम से एक ही स्थान पर हल हो रही हैं। शिविर में प्राप्त अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया है। इस अवसर पर श्री रवि राजपूत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अस्वस्थ महिला को उपचार हेतु सेन्दरी बिलासपुर मानसिक चिकित्सा केंद्र भेजा गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 17 मई।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह भा.पु.से. के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल और उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में चौकी बाजार चारभाठा प्रभारी संतोष सिंह द्वारा एक सराहनीय मानवीय पहल की गई।ग्राम चारभाठा की निवासी सुनीता कौशिक उम्र 40 वर्ष जिसकी मानसिक स्थिति लंबे समय से अस्थिर प्रतीत हो रही थी। आए दिन आसपास के लोगों से विवाद गाली-गलौज एवं मारपीट जैसी घटनाओं में शामिल पाई जा रही थी। उसकी हरकतों से मोहल्ले में भय का वातावरण निर्मित हो गया था। विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों में असुरक्षा की भावना थी।

स्थानीय नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदन पर पुलिस ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए महिला की मां यशोदा कौशिक से चर्चा की और परामर्श के उपरांत सुनीता को राज्य मानसिक चिकित्सा संस्थान सेन्दरी बिलासपुर में विधिवत उपचार हेतु भिजवाया गया। यह कार्यवाही पूरी संवेदनशीलता एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न की गई।इस मानवीय कार्रवाई में प्रधान आरक्षक महेन्द्र चंद्रवंशी, आरक्षक हरिशंकर सुमन प्रवीण साहूए मिथुन नाथ योगी एवं महिला आरक्षक लता यादव की विशेष भूमिका रही कबीरधाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील रहें और यदि किसी की स्थिति सार्वजनिक व्यवस्था या स्वयं के लिए खतरा बन रही होए तो तत्काल पुलिस या स्वास्थ्य विभाग को सूचना दें। पुलिस आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए सतत् प्रयासरत है।

## जमीन दिलाने का झांसा देकर 2 लाख 25 हजार 501 रुपए की ठगी

**भिलाई, 17 मई।** भिलाई मकान में गृह धोष शांति का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है नेवई पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 457/08 सडक 21/ए आशीष नगर रिसाली निवासी अनिल वशिष्ठ ने शिकायत किया है कि 18 फेस-2 श्री जी कल्पतरु कालोनी अमलीडीह रायपुर निवासी विवेक कुमार मिश्रा गृहदशा ठीक नहीं होना व अच्छे लोकेशन पर मकान जमीन दिलाने का झांसा देकर 2 लाख 25 हजार 501 रुपए का ठगी किया है आज तक जमीन नहीं दिखाया गया और रकम तक पीड़ित को नहीं लौटाया है विवेक कुमार मिश्रा से वर्ष 2022 में मुलाकात हुआ था। विवेक ने गृह दोष पूजा पाठ करना बताया और घर भी एक बार आया था। घर में परेशानी होना बताया और एक बार गृह दोष शांति के लिये पूजा करने की बात कहकर 2100 रुपए नगद लिया था फोन से बातचीत में बताया कि पीड़ित के घर पर दोष है नया घर लेना पड़ेगा मेरा रायपुर में बडे बडे अधिकारियों से जान पहचान, अच्छे लोकेशन में जमीन दिलाने का झांसा दिया। पीड़ित उसके झांसे में आकर खाते से अलग-अलग समय पर उक्त रुपए लिया समय बीतने के बाद विवेक ने न मकान, जमीन तक पीड़ित को नहीं दिलाया परेशान होकर शिकायत पुलिस में की गई

## समाधान शिविर का आयोजन



**जामुल, 17 मई।** नगर पालिका जामुल के वार्ड 13 एसीसी मंगल भवन में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व भेंट कर शिविर का शुभारंभ किया । समाधान शिविर के आयोजन का उद्येश्य बताते हुए नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि आम जनता के समस्या का त्वरित निवारण हो सके एवं राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित जनहित योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को मिल सके एवं योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हो इसीलिए हमारे सरकार द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन में समस्याओं का समाधान हो एवं आम जनता को अपने समस्या या मांग के लिए अनेक विभागों का चक्कर न लगाना पड़े इसीलिए समाधान शिविर का प्रदेशव्यापी आयोजन किया गया है । मैं समस्त जनता जनार्दन से अपील करता हूं कि इस शिविर में अपनी समस्या या मांग को अवश्य रखे ताकि भविष्य में कार्यालय दर कार्यालय अनेक विभागों में दौड़ भाग न करना पड़े । यह समाधान शिविर हर नागरिक के लिए है इसका लाभ अवश्य उठायें । आज के समाधान शिविर वार्ड क्र. 08, 11, 12, 13, 14, 15 में कुल 110 आवेदन मांग एवं शिकायतें प्राप्त हुआ है । स्वास्थ्य विभाग से 35 आवेदन, आयुष विभाग से 50 आवेदन, आधार कार्ड अपडेशन हेतु 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसका तत्काल निराकरण किया गया । शिविर में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, निशा चन्नेवार, प्रशासन की ओर से तहसीलदार पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, उपअभियंता गण के.एन. ताम्रकार, सचिन भागवत नोडल अधिकारी हिम्मत लाल मण्डावी सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

## मजदूर साथियों के सम्मान में कांग्रेस पार्टी मैदान में



**उतई , 17 मई।** दुर्ग ग्रामीण,पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 100 दिन का रोजगार देने की गारंटी है लेकिन दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र पाटन विधानसभा क्षेत्र साथ ही साथ प्रदेश के सभी ग्राम पंचायत में मनरेगा मजदूरों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। मनरेगा मजदूर भाइयों एवं माताओ एवं कांग्रेस पार्टी के साथियों के द्वारा भारी भीड़ के साथ रोजगार देने के लिए कलेक्टर का घेराव किया गया दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर जी के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के रिवेंद्र यादव अश्वनी साहू, डीकेंद्र हिरवानी प्रह्लाद वर्मा भावेश साहू धनंजय नेताम ऋषि साहू तोरण ठाकुर रूपेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं की उपस्थिती रही ।

## सूर्या मॉल चौक एवं नेशनल हाईवे सर्विस रोड से हटाया गया अतिक्रमण



**भिलाई, 17 मई।** नगर पालिक निगम द्वारा सूर्या मॉल चौक स्थित मार्ग के दोनों तरफ सड़क पर अवैध रूप से सामने का भाग में लगे अवैध शेड एवं होर्डिंग को हटाया गया। जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के आधार पर सड़क के दोनों तरफ सामान बाहर निकाल देने एवं शेड बना देने, विज्ञापन बोर्ड लगा देने एवं उसके उपर सामान खरीदने वालो द्वारा अपना बेतरकीब ढंग से गाड़ी खड़ी कर देने से रास्ता जाम हो जा रहा था। 04 दुकानों पर कार्यवाही करते हुए सभी को हटाया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे सर्विस रोड में लगातार बढ़ रहे यातायात को सुगम और सरल बनाने जोन 03 के दल द्वारा मार्ग में अवरोध बनाने वाले अवैध अतिक्रमण बोर्ड एवं लम्बे समय से खड़ी वाहनो को हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन 03 का राजस्व, स्वास्थ्य अमला एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने 18 नंबर रोड से पावर हाउस चौक तक बेदखली की कार्यवाही की गई। चौंक में लगे गन्ना जूश दुकान एवं वाहन मेला वेंडरों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार सर्विस रोड में वाहन मेकेनिक एवं ठेला खोमचे को हटाते हुए उनसे कुल 10200 रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त सतीश यादव, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, प्रशन्न तिवारी, शशांक सिंह, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, नन्दू सिन्हा, निरंजन असाटी, विनोद शुक्ला, विवेक साहू, यातायात पुलिस से सब इंस्पेक्टर बोधन साहू, विरेंद्र सिंह, दिव्य देव, तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, मंगल कुर्रे, राजेन्द्र सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिना नंबर प्लेट वालों पर पुलिस का शिकंजा , 100 से अधिक दोपहिया जब्त



**कवर्धा, 17 मई।** कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में ट्रैफिक अनुशासन को सख्ती से लागू करते हुए बिना नंबर प्लेट चलने वाले दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई की गई। यह कदम कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराध पर अंकुश लगाने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है।पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (ढ्ढक्क) के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी कवर्धा कृष्ण चंद्राकर (ष्ठस्क्) के नेतृत्व दिनांक 15.05.2025 को यह विशेष अभियान चलाया गया। शहर के प्रमुख स्थान–सिग्नल चौक में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहन चलाते पाए जाने पर 100 से अधिक दोपहिया वाहनों को मौके पर ही जब्त करते हुए थाना कोतवाली लाया गया।

कोतवाली लाए गए सभी वाहनों की विधिवत जांच की गई और चालकों को मौके पर ही निर्देशित किया गया कि वैध नंबर प्लेट लगवाने के बाद ही वाहन छोड़ा जाएगा। इसके बाद संबंधित वाहन स्वामियों द्वारा जब तक नियमों के अनुरूप नंबर प्लेट नहीं लगवाई गई, तब तक किसी भी वाहन को छोड़ा नहीं गया। इससे स्पष्ट संकेत दिया गया कि कबीरधाम पुलिस अब इस प्रकार की लापरवाहियों को बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करेगी।पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के अनुसार ÷यह कार्रवाई चोरी, अपराध और असामाजिक गतिविधियों में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए एहतियातन की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में हाल के वर्षों में चोरी की घटनाएं नियंत्रण में रही हैं, लेकिन सुरक्षा दृष्टिकोण से यह अभियान आवश्यक हो गया है। चोरी की घटनाओं में बिना नंबर प्लेट के वाहन अपराधियों की पहचान छिपाने में सहायक बनते हैं, जिसे अब किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।÷इस अभियान में यातायात प्रभारी उप निरीक्षक अजयकांत तिवारी, डीआरजी से एएसआई दिलीप सोनकर, प्रधान आरक्षक 119 राजेश गौतम, एचसी पवन चंद्रवंशी, वीरेंद्र प्रधान, आरक्षक रवि मानिकपुरी (45), कृष्णा साहू (636), संजू चंद्रवंशी (739), अजय प्रकाश दास (938) एवं भरत परमार (193) एवं डीआरजी की टीम ने मुस्तैदी से भूमिका निभाई। कबीरधाम पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे अपने वाहनों में विधिसम्मत नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाएं और यातायात नियमों का पालन करें। यह अभियान एक दिन के लिए नहीं है – भविष्य में भी ऐसे औचक और सख्त जांच अभियान जारी रहेंगे। कभी भी, कहीं भी जांच हो सकती है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कबीरधाम पुलिस का स्पष्ट संदेश है – कानून तोड़ने वालों के लिए कोई ढील नहीं। अब सुधर जाइए, नहीं तो वाहन जब्त और थाने की सैर तय है।

## स्मृतिनगर सोसायटी का 1 करोड़ 78 लाख 67 हजार 520 रुपये जलकर बकाया




**भिलाई, 17 मई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रं. 01 नेहरू नगर में स्थित स्मृति नगर गृह निर्माण संस्था मर्यादित का 22 मार्च की स्थिति में नगर निगम भिलाई का जलकर 1 करोड़ 78 लाख 67 हजार 520 रूपये बकाया है। जिसकी नोटिस संस्था को दी जा चुकी है। स्मृति नगर सोसायटी में निवासरत लोगों द्वारा बताया गया है कि उनसे प्रतिमाह सोसायटी द्वारा जलकर की राशि नियमानुसार लिया जा रहा है। लेकिन नगर निगम भिलाई के खाते में जमा नहीं किया जा रहा है, इससे हम लोग बहुत दुखी हैं। इसकी शिकायत स्थानीय पार्षद मुकेश कुमार अग्रवाल एवं नागरिकों द्वारा लिखित रूप से निगम भिलाई को की गई है। संस्था द्वारा लोगो के बीच में भ्रम फैलाया गया कि जलकर के संबंध में उच्च न्यायालय में केश चल रहा है। हमे स्टे मिला हुआ है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर स्मृति नगर सोसायटी के निवासियों के मकानों का सर्वे कराया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1268 मकान निर्मित है, जिसमें आवास, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसाय के रूप में काबिज हैं। इसमें से सन् 2008 में हुए अनुबंध के अनुसार 792 मकान धारियों का ही जलकर का गणना से किया गया है। इसमें लगभग 400 से अधिक मकानों में भी नल कनेक्शन लिया जा चुका है। अभी वर्तमान में जलकर की राशि और वृद्धि होगी। राज्य सरकार के प्रकाशित राजपत्र के अनुसार आवासीय मकान में जलकर 200 रूपये प्रतिमाह, आवास सह व्यवसाय में 350 रूपये, व्यवसाय में 800 रूपये एवं जो परिवार संपत्तिकर के दायरे में नही आते हैं, उनसे 60 रूपये प्रतिमाह लेने का प्रावधान है। जलकर वसूली विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू का कहना है कि संस्था को दो नोटिस देकर 12.03.2025 एवं 22.03.2025 का तामिल करवाया गया है। संस्था द्वारा नोटिस जारी होने के 2 वर्ष पूर्व 30 लाख रूपये निगम कोष में जमा कराया गया था। अभी वहां पर और मकान निर्माणाधीन है। वास्तविक गणना होगा तो राशि लगभग 3.00 करोड़ से ऊपर जायेगी। सोसायटी के निवासियों द्वारा सोसायटी के गतिविधियों के संबंध में कई बार जिला एवं निगम प्रशासन को शिकायत की गई कि सोसायटी द्वारा हम लोगों से बहुत सारा अधिभार लिया जा रहा है। पार्कों में लगे हरे-भरे पड़ो को भी काट दिया जा रहा है, जिससे यहां की आबो हवा एवं सुंदरता प्रभावित हो रही है। सोसायटी के ऊपर भूखडों के खसरा नबंर में भी छेड़-छाड़ करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। जिसका शासकीय राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन किया जा रहा है। सोसायटी के निवासियों का मांग है कि स्मृति नगर सोसायटी को नगर निगम भिलाई अपने अधिपत्य में ले-ले। निर्धारित जलकर राशि समय अवधि में नहीं जमा करने पर निगम द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए निगम द्वारा पानी सप्लाई को नहीं रोकी जा रही है।

## मिल्स एवं आयरन जोन में सुरक्षा जागरूकता क्विज आयोजित




**भिलाई, 17 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं सेफ्टी प्रोटोकॉल्स, एसओपी, एसएमपी तथा अन्य सुरक्षा मानकों के प्रति उनकी जानकारी को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक क्रॉस-जोनल सेफ्टी अवेयरनेस क्विज़ का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का संचालन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जबकि विभिन्न ज़ोन के मुख्य महाप्रबंधकों के नेतृत्व में क्विज़ को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।15 और 16 मई को आयरन ज़ोन और मिल्स ज़ोन के इंट्रा-ज़ोनल क्विज़ राउंड क्रमशः बीएफ-8 और बीआरएम कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित किए गए।

## बिजली बिल हाफ योजना को भिलाई क्षेत्र में किया गया लागू : प्रेमप्रकाश पांडेय



**भिलाई, 17 मई।** पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में लागू की गई हाफ बिजली योजना का लाभ पाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री साय के प्रयासों से अंततः इस योजना को भिलाई क्षेत्र में लागू किया गया, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने फेसबुक लाइव कार्यक्रम बात भिलाई की के माध्यम से इस विषय पर अपनी बात रखी। पाण्डेय ने बताया कि 1 मार्च 2019 को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने प्रदेशभर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ करने की योजना लागू की थी। लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र के उपभोक्ताओं को इसके लाभ से वंचित रखा गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लगातार इस मुद्दे पर बीएसपी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुमराह किया गया। लेकिन उन्होंने लगातार इसके लिए आवाज उठाई और न्यायालय तक की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि उन्होंने समानता के अधिकार के तहत मांग की कि बीएसपी टाउनशिप, कैंप 1, खुर्सीपार, जोन 1 से 9, हॉस्पिटल सेक्टर, रूआबांधा, रिसाली सहित पूरे बीएसपी क्षेत्र को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस मांग को तत्कालीन सरकार के मुखिया और ऊर्जा सचिव तक सामने रखा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूर्ववर्ती सरकार ने तर्क दिया कि बीएसपी के उपभोक्ताओं को सीएसपीडीसीएल की तरह योजना का लाभ नहीं मिल सकता क्योंकि उनके टैरिफ अलग हैं लेकिन समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) के आधार पर इस मुद्दे को उठाया गया। आखिरकार लगातार मांग के पश्चात भाजपा सरकार द्वारा इस मांग को पूरा किया गया ।

## समाचार संक्षेप

## भारतीय सेना शौर्य एवं पराक्रम का प्रतीक: किरण

**छुरिया,17 मई (तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** देश की सरहदों की सुरक्षा में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए भारत ने "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत दुश्मन देश पाकिस्तान को करारा जवाब दिया. जिसकी खुशी में आज जिला पंचायत राजनांदगांव



अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी अपने गृह ग्राम भंडारपुर में पंचायत स्तरीय तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुई। पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आंतकी हमले में शहीद हुए परिवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में घुसकर आंतकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। ये नया भारत है।जो घर में घुसकर मारता है। मै भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करतीं हूं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी कहा कि आतंकवाद का समूल नाश करना, हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है.। जो भी भारत के तरफ आंख उठाकर देखेगा उसे करार जवाब दिया जायेगा।इस दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराते तिरंगे और "भारत माता की जय" के नारों से गांव का माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य उत्तरा निषाद, सीमा चन्द्रवंशी संरपच, मंगल साहु उपसंपच, बृजलाल यादव, संजू साहु,कुमदास साहू,मुनबाई चंद्रवंशी, यशोदीया साहु, सविता बाई साहु, आसाराम रजक,चेतन पटेल समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्रामीण दिनदहाड़े लूट का शिकार

**डोंगरगढ़/ बोरतलाव ,17 मई (तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** डोंगरगढ़ से बोरतलाव जाने वाले मुख्य मार्ग पर ग्रामीण दिनदहाड़े लूट का शिकार हो गया जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया.बताया जाता कि 15 मई गुरुवार को ग्राम बुढांनछापर का ग्रामीण डोंगरगढ़ से अपने घर जा रहा था कि दिन के लगभग 10 बजे दो अज्ञात मोटरसाइकिल से आए और जबरदस्ती छीना झपटी कर जेब में रखे नगदी 20 हजार और मोबाईल को लूट कर महाराष्ट्र की तरफ नौ दो ग्यारह हो गए. जिसकी शिकायत ग्रामीण ने थाना बोरतलाव में की है. वही पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी आशा राम सिन्हा पिता स्व0 बाबूलाल सिन्हा उम्र 52 साल निवासी बुढानछापर, थाना बोरतलाव, जिला राजनांदगांव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कि 15 मई के प्रातः 09.45 बजे दिन में डोगरगढ से अपने गांव बुढानछापर आते समय बीच रास्ता हनुमान मंदिर , चेंदरी माता मंदिर बोरतलाव के पास दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में सवार होकर आये और प्रार्थी को रास्ता रोककर फुलपेंट के दोनो जेब में रखे नगदी 20 हजार रूपये लगभग व शर्ट के जेब में मोबाईल रेडमी 08 कंपनी कीमत 5,000 रूपये लगभग कुल 25,000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बलपूर्वक छपटमारी कर ले गया है और चांद-सूरज महाराष्ट्र की ओर भाग गया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 126(2),304(1),3(5)BNS कायम कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है । जल्द ही पकड़े जाऐंगे आरोपी - उपेंद्र कुमार थाना प्रभारी बोरतलाव. दिनदहाड़े हुई लूटमार के विषय में जानकारी लेने पर थाना प्रभारी बोरतलाव उपेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों का सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

## अछोली में निकली तिरंगा यात्रा

**डोंगरगढ़ ,17 मई (तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन के निर्देशानुसारआज ग्राम पंचायत अछोली मे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के बैनर के तले ऑपरेशन सिंदूर के लोबो के साथ सेक्टर प्रभारी गायत्री डेकारे, सहायक सविता श्रीवास्तव, के अगवाई मे ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच नंदकुमार वर्मा, सचिव पूर्णिमा मांडवी, रोजगार सचिव पूनम, रोजगार सहायक जागृति



राजपूत, प्रधानमंत्री आवास मित्र ओमेश्वरी साहू,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रीता भादुड़ी, भानुमति साहू, शांति बंजारे, सुनीता बनसोड, मितानिन कमलेश्वरी साहू, कोटवार सुखसागर,पंच भागचंद वर्मा, सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, बिहान कैडर के सक्रिय महिला समूह नीता साहू, एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक जनों की विशेष सहभागिता से ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेनन के हौसला बढ़ाने एवं उन्हें धन्यवाद देने हेतु आज ग्राम अछोली में तिरंगा यात्रा निकल गया तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत परिसर से राष्ट्रगान की शुरुआत के साथ भारत माता की जय, हम सैनिक के साथ है, वीर शहीदों की जयकारों के साथ निकलते हुए गांव के विभिन्न चौक चौराहा एवं बाजार स्थलों से गुजरते हुए पुनः पंचायत प्रांगण पहुंचा इस अवसर पर तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में जन समुदाय शामिल हुए।।

## नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव ,17 मई (तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने राजनांदगांव प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय राजनांदगांव के हीरामोती वार्ड में 36 लाख 66 हजार रूपए की लागत के विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विशेषीकृत दत्तक अभिकरण में निवासरत नन्हे-मुन्हे बच्चों से आत्मीय बातचीत कर उन्हें स्नेह एवं दुलार दिया। इस दौरान श्री साय एवं विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को खिलौना भेंट कर उनका हालचाल पूछा। श्री साय ने मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर से राजनांदगांव जिले में संचालित विशेषीकृत दत्तक अभिकरण के संचालन एवं देखरेख व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं अतिथियों ने नवनिर्मित भवन का अवलोकन भी किया। इस मौके पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, महापौर श्री मधुसूदन यादव, राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## कला केन्द्र में पेंटिंग क्लासेस शुरू

**धमतरी 17 मई.** शहर के राम मंदिर के सामने इतवारी बाजार परिसर में शुरू हुए कला केन्द्र ''धरोहर'' में पेंटिंग क्लासेस शुरू हो गईं हैं। कला केन्द्र को लेकर बच्चों में अच्छा उत्साह है। आज कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने इसका आकस्मिक निरीक्षण किया और पेंटिंग सीखने आए बच्चों से बातचीत की। बच्चों से खुश होकर इस सुविधा के लिए कलेक्टर को थैंक्यू कहा।

# सभी पंचायतों में आयोजित होगी तिरंगा यात्रा

**>> मुख्यमंत्री ने दिया स्पष्ट संदेश: कमिश्नर और कलेक्टर करें नियमित प्रवास, राजस्व न्यायालय का समयबद्ध और नियमित संचालन करें सुनिश्चित**



**राजनांदगांव,17 मई (तरुण छत्तीसगढ़)**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार अंतर्गत राजनांदगांव जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विकास और जनसेवा के लिए नियमित भ्रमण एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास तथा राजस्व न्यायालयों के समयबद्ध संचालन के संबंध में कड़े निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा जब अधिकारी जमीनी हकीकत से जुड़े रहेंगे और जनता की समस्याओं का निराकरण सीधे उनकी उपस्थिति में किया जाएगा। इसके लिए सभी कमिश्नर, कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपने अधीन जिलों और ब्लॉकों में नियमित भ्रमण और प्रवास करें तथा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की भौतिक निगरानी सुनिश्चित करते हुए जवाबदेही की संस्कृति को मजबूत करें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालय का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी पूर्वनिर्धारित न्यायालय कैलेंडर के अनुसार ही कार्य करें। केवल अत्यंत विशेष परिस्थितियों में ही न्यायालय की तिथि रद्द की जाए। इससे न केवल आमजन को समय पर न्याय मिलेगा बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी पारदर्शिता आएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सुशासन की रीढ़ यही है कि अधिकारी जनसम्पर्क बनाए रखें, जनता के बीच उपस्थित रहें, और उनकी समस्याओं को त्वरित रूप से हल करें। यह न केवल विश्वास की भावना को मजबूत करेगा, बल्कि शासन की विश्वसनीयता को भी बढ़ाएगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के जिला पंचायत भवन के सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो तथा हर पात्र हितग्राही तक लाभ समय पर पहुँचे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो ताकि आमजन को योजनाओं की जानकारी समय रहते मिले और वे उसका लाभ उठा सकें। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु नियमित शिविरों का आयोजन हो। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित सभी आवासीय योजनाओं की लंबित मांगों का शतप्रतिशत निराकरण किया जाए। साथ ही जिलों में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वय एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए समयबद्ध कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य है कि शासन और प्रशासन की पहुंच गांव, गरीब और अंतिम पंक्ति के नागरिक तक सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता का मापदंड केवल कागज़ी प्रगति नहीं, बल्कि लाभार्थियों के चेहरे पर आई संतोष और सुरक्षा की अनुभूति है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अंतर्गत दी गई अधिकांश घोषणाओं को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है। उन्होंने सभी जिलों में अधिकारियों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की और कहा कि जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रशासन को समर्पित होकर और समन्वय स्थापित कर कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री ने किसानों को समय पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि आने वाले खरीफ सीजन को देखते हुए सभी जिलों में कृषकों की आवश्यकताओं के अनुरूप पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर लें। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से शिविर लगाकर लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध समाधान मिल सके।

## 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

**डोंगरगढ़/ बोरतलाव 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़)**

अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत बोरतलाव पुलिस ने 60 लीटर



कच्ची महुआ शराब का परिवहन करते दो आरोपियों को रंगे हाथ धर दबोचने में सफलता मिली है. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 15 मई को ग्राम भ्रमण गस्त दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पनियाजोब रेल्वे फाटक के रास्ते से होकर अंडी-ठाकुरटोला की ओर एक सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 के पीछे डिक्की में 07 प्लास्टिक जरीकेन डिब्बा में 60 बल्कलीटर अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन कर रहे है, कि सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 को पकड़ कर चालक एवं उसमें बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम दूजलाल कुंजाम पिता तिलक कुंजाम उम्र 35 साल व टिकेश कुमार ध्रुर्वे पिता रामसिंग ध्रुर्वे उम्र 28 साल साकिन ग्राम बरनाराकला, थाना बोरतलाव, जिला राजनांदगांव का होना बताया और सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 को चेक करने पर पीछे डिक्की में छिपाकर रखे 07 प्लास्टिक जरिकेन में 60 बल्कलीटर कच्ची देशी महुआ शराब लगभग 12 हजार रूपये कीमत सहित आरोपीयो की तलाशी लेने पर दो नग टच स्क्रीन मोबाईल किमती 10 हजार व घटना में प्रयुक्त सफेद कलर होण्डाई कार क्रमांक सीजी 08 एच 4617 किमती 03 लाख रु अनुमानित कीमत की गवाहों के सामने जप्त कर किया गया. पुलिस ने आरोपीयो के अपराध क्र0 24/25 धारा 34(2) आब0 एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक गोकुल सोनकर, प्र0आर0 1297, 216 आर0 268, 351, 1251 की सराहनीय योगदान रहा ।

## मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में हुए शामिल रमन सिंह

**राजनांदगांव 17 मई।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नगर निगम राजनांदगांव के मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में शामिल हुए। मोतीपुर स्कूल मैदान में आयोजित समाधान शिविर में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 7 एवं 8 के नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समाधान शिविर में नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती मातओं की गोदभराई और स्वच्छता किट का वितरण की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मोर मकान मोर आस योजना के अंतर्गत 16 हितग्राहियों को आवास का आबंटन और 21 हितग्राहियों को आवास निर्माण कर चाबी सौंपी। खाद्य विभाग के अंतर्गत 8 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया। इसी तरह 1 महिला हितग्राही को स्वावलंबी बनाने के लिए 1 लाख रूपए का ऋण स्वीकृति प्रदान किया। 10 श्रमिकों को श्रमिक कार्ड, 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, मत्स्य विभाग के हितग्राहियों को 5 आईस बाक्स और 5 मछली जाल वितरण किया। कृषि विभाग के 3 हितग्राहियों को अरहर मिनी किट वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत राजनांदगांव नगर पालिक निगम के 6 वार्डों के समस्या के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पूरे प्रदेश में अभियान के रूप में चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गांव-गांव जाकर छोटे से लेकर बड़े समस्याओं का निराकरण सीधे उनके गांव में पहुंचकर कर रहे हैं। सुशासन तिहार में तत्काल होने वाले कार्यों को निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में विद्युत, राजस्व, पेंशन, छात्रावास की समस्याओं समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव शहर के भीतर वार्डों में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि पार्षद जमीन से जुड़कर नीचे स्तर के कार्यों का निराकरण करने में सक्रिय है। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शासन-प्रशासन द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है।

# पर्यावरण से खिलवाड़ कर क्षेत्र में बेखौफ लाल ईंटों का निर्माण जारी

**डोंगरगढ़ 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़)**



**आवास योजना में लाल ईंट के उपयोग पर किस्त राशि भुगतान में रोक लगाने की शिकायत**

जिले के धर्मनगरी कहे जाने वाले डोंगरगढ़ के आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण को नुकसान पहुंचा क्षेत्र के ग्राम बेलगांव, कान्हारगांव, देवकट्टा, शिवपुरी, ढारा, मोहारा, मुरमुंदा, मेढा, मडियान, डिंगोकाल, ठाकुरटोला, बोरतलाव, पीपर खार, गाजमर्रा, कल्याणपुर, लेडीजोब, पीपरखार, कलकसा, मक्काटोला भोथली, कुरुभांठ, धुसेरा,नागतराई,जामरी, डुंडेरा सहित आसपास के गाँवो मे बेखौफ बेधड़क लाल ईंटों का निर्माण किया जा रहा है और पर्यावरण के दुश्मन इसकी खपत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण में किया जा रहा है जिसको देखने और कार्यवाही करने वाले दूर दूर तक नजर नहीं आ रहे है जो पर्यावरण के लिए खतरे का संकेत है. इसकी शिकायत ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला कलेक्टर, डोंगरगढ़ राजस्व अधिकारी, डोंगरगढ़ मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पंचायत लाल बहादुर नगर सीएमओ से ज्ञापन देकर की गई है और प्रधानमंत्री आवास योजना भवन में लाल ईटों के उपयोग पर हितग्राहियो के किश्त की राशि को रोके जाने की माँग की है. ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि शासकीय योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित भवनों में सीमेंट ईट (काला ईट) का उपयोग करना अनिवार्य है। सुडा विभाग रायपुर तथा पर्यावरण विभाग के निर्देशों को धता बताते हुए नगर पालिका क्षेत्र एवं जनपद पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन निर्माण हो रहा है। अप्रत्यक्ष रूप से अवैध लाल ईट निर्माण करने में प्रोत्साहन दिया जा रहा है। संबंधित अधिकारी द्वारा अवैध लाल ईट से निर्मित भवनों का करोड़ो रूपयें का भुगतान किया जा चुका है तथा किया जा रहा है। खनिज विभाग राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों को जानकारी होने के बावजुद खुलेआम डोंगरगढ़ से राजनांदगांव मुख्य मार्ग के किनारे पर कई जगहों पर तथा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अवैध लाभ कमाने ईट का कारोबार फल फुल रहा है। बेरहमी से लकड़ी कटाई, भूमि की खुदाई. नाला से भसवा रेती खुदाई कर अवैध लाल ईट का निर्माण किया जा रहा है. प्रधानमंत्री आवास के संबंधित अधिकारियों के देखरेख में लाल ईटों को भवन मे उपयोग किया जा रहा है। तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

पंचायतों के भवन निर्माण में सीमेंट ईट (काला ईट) कीमत कम होने के कारण लागत कम होंगी. वही माँग कि गई है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित भवनों में अवैध लाल ईट उपयोग करने पर शासकीय किस्तों की राशि के भुगतान पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाये। इससे पर्यावरण की रक्षा होंगी, स्वमेव अवैध लाल ईट के निर्माण में अंकुश लगेंगा व कुछ अवैध ईटभट्ठा को संरक्षण देने वाले कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की अवैध वसूली बंद होगी. शीघ्र अवैध लाल ईट से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित भवन के शासकीय किस्त भुगतान पर रोक लगाया जावें तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंधित स्थानीय अधिकारी जिन्होने अवैध लाल ईट निर्मित भवन का शासकीय किस्त का भुगतान किया है। उनके विरूद्ध उचित कार्यवाही की जावे व भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए सीमेंट ईटों का ही उपयोग का आदेश पुनः जारी करें.

# बुद्ध जयंती पर उमड़ी बौद्ध अनुयायियों की भीड़,धूमधाम से मनाई गई जयंती

**डोंगरगढ़ 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़)**

आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बौद्ध विहार के ट्रस्ट समिति के तत्वधान में बौद्ध समाज के द्वारा बुद्ध जयंती के अवसर पर 14 मई दिन बुधवार को मेला ग्राउंड में बुद्ध एवं भीम गीतों पर आधारित रत्नाकर लांजेवार नागपुर वालो का आर्केस्टा एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किए गए थे आयोजित ऑर्केस्ट्रा एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम भंते नागरत्न, के द्वारा बुद्ध वंदना कर शुरुवात की गई, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती , पूर्व विधायक एवं प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सिद्धार्थ नागदेवे राजकुमार नंदेश्वर निर्भय चोखान्द्दे मिलिंद मेश्राम संजय श्रीवास्तव अनिल सहारे विलास सहारे विनायक मेश्राम शुभम खोबागढे सहित बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे , इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

पहली कक्षा के बालक ने अपने क्रांतिकारी वक्तव्य से लोगो को ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर में हजारों की भीड़ में यथार्थ सम्राट भारतीय ने अपने क्रांतिकारी वक्तव्य से उपस्थित लोगों को ऊर्जा से भर दिया, जिसमें बाल वक्ता के रूप में राजनांदगांव के यथार्थ सम्राट भारतीय को मंच पर आमंत्रित किया गया। यथार्थ सम्राट भारतीय ने हजारों की भीड़ में अपने क्रांतिकारी ऊर्जावान वक्तव्य से उपस्थित लोगों को ऊर्जा से भर दिया। प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं पूर्व विधायक रामजी भारती ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा की भगवान गौतम बुद्ध की बाबा साहब अंबेडकर की बुद्धम शरणम गच्छामि संघम शरणम गच्छामि , भगवान वहां हिरण और शेर एक साथ पानी पीते हैं ऐसे भगवान बुद्ध के यहां पर हम सबको चलना चाहिए भगवान बुद्ध ने क्रोध नहीं करना है मुझे अधिकार दिया तो बाबा साहब अंबेडकर ने दिया मानता हूं हम सब उनके बताए हुए रास्ते पर चले हम सब देखते हैं कि शेर को कैसे बहुत भी जो है तो भगवान बुद्ध में है और उनके ऐसे बुद्ध की जयंती और निश्चित तौर पर हम सब उनके अनुसार करते बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का नारा था शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।

बाबा साहेब ने इस नारे के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और अधिकारों की प्राप्ति का मार्ग दिखाया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने कहा की भगवान बुद्ध के बारे में अपने विचार दिया है यह छोटा सा बालक निश्चित ही बधाई का पात्र है डॉ बाबासाहेब अंबेडकर एवं भगवान के मार्ग में चलने की बात कही नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बुद्ध जयंती के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुवे कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए जिसमें भेट मुलाकात होती है , वार्तालाप होती बौद्ध समाज के द्वारा भीम गीतों पर आधारित आर्केस्ट्रा व सम्मान समारोह का अयोजन किया गया जिसमे बौद्ध समाज से रिया गणवीर ने सिविल जज व, सौरभ जम्भुरकर ने जिला सहकारिता में परीक्षा पास की जिनका सम्मान किया साथ ही बालक यथार्थ का भी सम्मान किया नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित नगर के पार्षद,समाज में जयंती का सफल आयोजन करने वाले सफाई का संदेश देकर सफाई करने वाले व उत्कृष्ट कार्य के लिए सहित समाज के युवाओ को भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर भारी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाए उपस्थित रहे। कार्यकर्म का संचालन राकेश भवते देवेंद अंबादे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर मनीष बडोले माया भास्कर गरीब गढपायले दीपक साखरे प्रजेश सहारे जय किशोर अम्बादे मुकेश सहारे शिवांगी साखरे अनिता लोकेश इंदुरकर सुभाष भास्कर विजय कोटंगल पंकज अम्बादे रतनदीप नंदेश्वर विष्णु चौधरी गुड्डा सरजारे रेखा सहारे बिंदु अम्बादे सहित भारी संख्या में बौद्ध उपासक उपासिकाएं उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का किया लोकार्पण

**राजनांदगांव 17 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजनांदगांव जिले के चिखली में 9 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया। यहां शासकीय विभागों के महत्वपूर्ण दस्तावेजों का प्रकाशन होता है। मुख्यमंत्री ने शासकीय मुद्रणालय के नवनिर्मित भवन और वहां की प्रकाशन तथा अन्य व्यवस्था का भी अवलोकन किया। जिला मुख्यालय राजनांदगांव स्थित शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय भवन छत्तीसगढ़ में एक मात्र शासकीय मुद्रणालय है, जहां महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेजों का प्रकाशन किया जाता है। मुद्रणालय का पुराना भवन अत्याधिक पुराना होने के कारण नये भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। शासकीय मुद्रणालय के नवीन भवन में पेपर गोडाउन, प्रिटिंग मटेरियल स्टोर, बाइडिंग एवं पेपर स्टोर, मेकेनिकल स्टोर, काम्पोजिंग एवं रीडिंग रूम, टाइप स्टोर, कैमरा रूम, असिस्टेंट सुपरिटेंडेन्ट कक्ष, डायरेक्टर रूम, कॉन्फ्रेंस रूम एवं अन्य आवश्यक व्यस्थाएं रखी गई



है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पांडेय, महापौर श्री मधुसूदन यादव, राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं शासकीय मुद्रणालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

साय सरकार के नक्सली सफाए अभियान के चलते नक्सली इतने कमजोर हो गए हैं कि वह अपने ईनामी व बड़े नेताओं को बचा नहीं पा रहे हैं।अपने बड़े ठिकानों को बचा नहीं पा रहे हैं। वह अपने बड़े नेताओं के मारे जाने, पकड़े जाने व ईनामी नक्सलियों के सरेंडर करने बैकफुट पर आ गए हैं। यानी अब वह सुरक्षा बलों पर हमला करने की सोच नहीं पा रहे हैं, उनकी एकमात्र कोशिश है कि किसी तरह अपने बड़े नेताओं व बड़े ठिकानों को बचा लिया जाए, इसके लिए वह पिछले कई महीनों से शांति वार्ता पर जोर दे रहे हैं और वह चाहते हैं कि इस मामले में गृहमंत्री अमित शाह जवाब दें। लेकिन मामला छत्तीसगढ़ का होने के कारण यहां के सीएम व गृहमंत्री ही हर बार उनको बता देते हैं कि बातचीत तो बिना शर्त होगी। कोई संघर्ष विराम नहीं होगा। फिर भी एक बार फिर माओवादी कमेटी के प्रवक्ता ने छत्तीसगढ़ में माओवादियों के खिलाफ चल रहे आपरेशन पर रोक लगाने की मांग की है। केंद्रीय कमेटी ने शांति वार्ता की मांग की है। इससे पहले २५ अप्रैल को भी कमेटी केंद्र व राज्य सरकारों से अपील की थी कि जनसमस्याओं के स्थायी समाधान के लिए समयसीमा के साथ युध्द विराम की घोषणा की जाए।इस पर तेलंगाना सरकार की प्रतिक्रिया को कमेटी ने सराहनीय कहा है लेकिन केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिक्रिया को चिंताजनक बताया है।केंद्र सरकार व राज्य सरकार कई बार कहा है कि नक्सलियों के कहने पर शांति वार्ता के लिए तो युध्द विराम नहीं किया जा सकता।नक्सली पहले हथियार छोड़े उसके बाद शांति वार्ता होगी। नक्सली अपने संगठन को कई राज्यों में फैला हुआ बता रहे है जबकि केंद्र सरकार को इस बात से मतलब नहीं है कि संगठन कितने राज्यो में है।उसने तो जहां भाजपा का शासन है वहां से अगले साल तक नक्सलियों के सफाए का लक्ष्य तय कर दिया है। इसमें छत्तीसगढ़ में यह काम सबसे बेहतर कहा जा सकता है।छत्तीसगढ़ में हाल ही में नक्सलियों के खिलाफ अब तक सबसे बडा अभियान चलाकर नक्सलियों के एक बड़े ठिकाने को नष्ट कर दिया गया है।नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान पूरे २१ दिन चलाया गया।इस एंटी नक्सल अभियान में जवानों ने १.७२ करोड़ के ३१ नक्सलियों को मार गिराया।इस दौरान सुरक्षा बल ने केजीएच हिल्स में नक्सलियों के जगह जगह लगाए ४५० आईडी को नष्ट किया.इस पहाडी़ में नक्सलियो की चार हथियार फैक्ट्री व २५० गुफाएं बना रखी थी,इन गुफाओं में ४५० आईईडी, हथियार, खाद्यान्न आदि मिला। यहां नक्सली बड़ी संख्या में रहते थे, इस पहाड़ी को उनका सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाता था। इस पहाड़ी पर पहले सेना के जवान जाने की हिम्मत नहीं करते थे क्योंकि ऊपर से नक्सली उनको आसानी से निशाना बना सकते थे.इस पहाड़ी पर जवान इससे इसी वजह से कभी पहुंच नहीं पाए थे। केजीएच हिल्स में नक्सलियों के सबसे मजबूत गढ़ पर कब्जा करना हकीकत में माओवादियों के सबसे मजबूत संगठन के खिलाफ कार्रवाई थी,पीएलजीए बटालियन,सीआरसी कंपनी एवं तेलंगाना स्टेट कमेटी माओवादियों के सबसे मजबूत सशस्त्र संगठन माने जाते हैं।नक्सलियों का यह सुरक्षित ठिकाना जिला सुकमा व बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में था।इस क्षेत्र में पहले सुरक्षा बलों ने अनेक नवीन कैंपों की स्थापना की,अनेक अभियान चलाए,अपना वर्चस्व स्थापित किया उसके बाद ही इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों की स्थिति मजबूत हुई और नक्सलियों को इस क्षेत्र को छोड़कर तेलंगाना की सीमा की ओर भागना पड़ा। उन्होंने केजीएच हिल्स पर शरण ली।

## संपादकीय

# नक्सलियों का एक और बड़ा ठिकाना नष्ट

इस बात की खबर मिलने पर तीन राज्यों की पुलिस व सुरक्षा बलों ने अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल अभियान चलाकर नक्सलियों के सबसे मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर दिया है। यह नक्सलियों का अब तक का सबसे बड़ा नुकसान है क्योंकि अभियान से मजबूत गढ़ गया, हथियार आदि भी चले गए। धीरे धीरे सुरक्षा बल के जवान की कार्रवाई के कारण आज स्थिति हो गई है कि किसी भी राज्य मे नक्सलियों का कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं रह गया है। बताया जाता है कि यह पहाड़ी ६० किमी लंबी,पांच से २० किमी चौडी़ है।इस पहाड़ी की भौगोलिक स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है।यही वजह है कि पिछले कई सालों से नक्सलियों ने इस पहाड़ी को अपनी सुरक्षित शरणस्थली बना रखा था,यहां तीन से चार सौ नक्सली रहा करते थे। इस साल की यह सुरक्षा बलों की सबसे बड़ी सफलता है।इससे पहले भी जवानों ने झाड़खंड के बुढ़ा पहाड़ व बिहार के चक्रबंधा पहाड़ा को भी इसी तरह नक्सलियों से मुक्त कराया था। इस साल एंटी नक्सल अभियान के चलते अब तक चार माह में १७४ हार्ड कोर नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। यही नहीं पिछले साल ९०० नक्सलियों ने सरेंडर किया था इस साल चार महीने में ही ७५० से अधिक नक्सली सरेंडर कर चुके है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि नक्सलियों का सफाया जितने दिनों में करना है, उससे पहले भी हो सकता है। अमित शाह की कुशल रणनीति के चलते पांच दशक पुराना नक्सलियों का मजबूत साम्राज्य डेढ़ साल के भीतर ही बिखर गया है। पहले कोई सोच नहीं पाता था कि नक्सलियो के साम्राज्य का अंत हो सकता था। पीएम मोदी व अमित शाह ने असंभव को संभव कर दिखाया है। अमित शाह जानते थे कि नक्सलियों का सफाया कैसे किया जा सकता है, इसलिए उन्होंने नक्सलियों से लड़ने की नहीं सफाए की बात की और पहले माना जा रहा था कि इसमें चार पांच साल लग सकता है लेकिन अमित शाह की कुशल रणनीति के कारण नक्सलियों का सफाया छत्तीसगढ़ से ३१ मार्च २६ से पहले भी संभव है।अमित शाह एक बात जानते थे छत्तीसगढ़ में नक्सली मजबूत इसलिए हैं कि वह संख्या में ज्यादा है, सुरक्षा बल के जवान संख्या में कम है।

## विश्लेषण

# शराब भट्टी से घिरी कौशल्या माता विहार, हद हो गई भगताई की !

**जयंत साहू, डूण्डा रायपुर**



कइसे भांचा, सब बने-बने...। का निपोर के बने, मंगा न...! हमर माता कौशल्या के नाम म सिरजत कौशल्या माता विहार म चारो मुड़ा दारू भट्टी हे अउ तै सुक्खा-सुक्खा पैलगी करत हस। अइसने म गंगा जाबे। माने? मैं तोर बर ठर्रा मंगाहू तभेच गंगा जहूं। राम राज म मंद-मउहा के बात झन कर भांचा। कहां-कहां महूं गाना गा परेवँ राम आयेंगे आयेंगे, राम आयेंगे। हद हो गई भगताई की। कौशल्या माता विहार में एक और नया सरकारी शराब भट्टी का श्री गणेश हो रहा है। आप शायद 'कौशल्या माता विहार' नाम से वाकिफ न हो तो 'कमल विहार' तो याद ही होगा, उससे भी ध्यान न आ रहा हो तो 'डूण्डा' बस्ती पहुंचिये। शराब पर बात आगे बढ़ाने से पहले डूण्डा की अस्मिता और अस्तित्व की बात कर लेते हैं, जो कि बिलकुल खतम होने की कगार पर पहुंच गया है। पृथक छत्तीसगढ़ प्रदेश बनने के दरमियान डूण्डा स्वतंत्र राजस्व ग्राम पंचायत हुआ करता था, उससे एक दशक पहले आश्रित ग्राम था। और छत्तीसगढ़ निर्माण के सात साल बाद ही 2007 में ग्राम पंचायत डूण्डा के वासी रायपुर नगर निगम में शामिल होकर चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 52 के निवासी हो गए। जो अगले पंचवर्षीय चुनाव के बाद कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 हो गया। 2024 के पंचवर्षीय चुनाव में बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 53 हो गए। हर बार सिर्फ नाम ही बदला, सूरत और सीरत अब भी वही है ग्राम पंचायत वाली। इतने से ही मन नहीं भरा तो 2008 में प्रदेश सरकार ने अपनी बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना 'कमल विहार' लांच की, अब हो गए हैं कमल विहार के निवासी। समझ नहीं आता इस नई पहचान पर गर्व करें या ठगा महसूस करें। क्योंकि परदादा के पहचान पत्र में ग्राम डूण्डा, दादा के पहचान पत्र में चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 52, पिताजी के पहचान पत्र में कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54, और अब नाती के पहचान पत्र में बाबू जगजीवन राम वार्ड क्रमांक 53 अंकित हो गया है।

...इन सब के बीच अब कमल विहार तो हाईफाई चीज हो गया था। अपने पहचान पत्र में कभी कमल विहार लिखाने का हिम्मत ही नहीं हुआ। जो खेतीहर किसान हुआ करते थे उन्हे मजदूर बना दिया गया। हराभरा खेत में सड़को का जाल बिछा, फसलों से लहलहाती धरती कंक्रीट के जंगल में तबदील हो गया। हां, लेकिन सरकार ने डूण्डा वालों का पूरा ख्याल रखा। मुआवजे के रूप में मोटी रकम और उसे खर्च करने के लिए शराब भट्टी का ठेका खुलवा दिये। कट रही हैं जिन्दगी पी-पीकर। लुटाते रहें, मकान मालिक से किरायेदार होते तक। इतने ही विकास से काम नहीं बना, एक और शराब भट्टी का ठेका आ गया। अब डूण्डा का असल पहचान लगभग खतम हो चुका था। तत्कालीन सरकार ने शराब भट्टी को अपने अंडर में ले रखा था। इस दौरान




डूण्डा भट्टी, लालपुर भट्टी, टिकरापारा भट्टी, भाठागांव भट्टी से अद्धी पौवा बोतल लेकर निकले लोगों के लिए कमल विहार मदिरापान के सुरक्षित ठिकाने के रूप में विकसित हो रहा था।

किसी भी प्रदेश का विकास समुचित रूप से तभी संभव है जब उनके खजाने में पर्याप्त राजस्व हो, जिसमें आबकारी विभाग मदिरा बेचकर खूब मालामाल हो रहा था। इस हिसाब से प्रदेश के विकास में डूण्डा भट्टी, लालपुर भट्टी, टिकरापारा भट्टी, भाठागांव भट्टी के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। 2019 के चुनाव में से फिर सरकार बदला, कांग्रेस ने सत्ता का बागडोर संभाला, लगा अब तो शराबबंदी लागू होगा। ...लेकिन नहीं हुआ। हां इस सरकार ने फिर एक बार हमारी पहचान को सम्मान जनक नाम देकर माथे में भगवा तिलक लगाने का सौभाग्य दिलाया, कमल विहार का नाम ही बदल दिए। छत्तीसगढ़ के अतित को जीवंत रखने के लिए छत्तीसगढ़ कौसल प्रदेश को पुनर्जीवित कर 'कमल विहार' को माता कौशल्या को समर्पित करते हुए 'कौशल्या माता विहार' कर दिया। लगा जैसे कि हम कौसलवंशी हो गए। शराब का ठिकाना बदल बदलकर उसने भी राजस्व शराब से भरने की जुगत में सारे कसमें वादे भुला दिये। जिसका परिणाम 2023 के चुनाव में दिखा, कांग्रेस सत्ता से बहार, फिर आई भाजपा की बारी।

प्रदेश के साथ ही पूरे देश में राममयी वातावरण निर्मित हुआ। राम आयेंगे, आयेंगे राम आयेंगे, गुंजित हो उठा। लोगों ने भी एक स्वर में कहा- जिसने राम को लाया है, हम उसे लायेंगे। रामजी का देश से जो भी नाता रहा है, वे अपना रिस्ता निभायेंगे, लेकिन हमारा तो भांचा है रामजी। छत्तीसगढ़ में मामा-भांजे के बीच किस लहजे में संवाद होता है यह छत्तीसगढ़िया जन भलीभांति जानता है। छत्तीसगढ़ तो रामजी का नौनिहाल है। विद्वज्जन कहते हैं कि- राम जी यहां से कई बार आकर गये। हो सकता है, आये होंगे और ठीक से खातिरदारी न होने से चले भी गये होंगे।

माफ करना भांचा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कौशल्या माता विहार में चल रहे तीन-तीन शराब भट्टी होने के बावजूद तुम्हारी खातिरदारी अच्छे से नहीं कर पाये। बहुत अफसोस हो रहा है कि हम कौशल्या माता विहार में रहते है जो कि चारो तरफ से शराब भट्टी से घिरा हुआ है। पूर्व में डूमरतराई भट्टी, पश्चिम में गोकुल नगर भट्टी, उत्तर में टिकरा पारा भट्टी और दक्षिण में डूण्डा भट्टी। ज्ञात हो कि अभी अभी डूण्डा शराब भट्टी का श्रीगणेश हुआ है। हालांकि डूण्डा के जागरूक युवा और माता-बहनें पंडाल तानकर शराब भट्टी के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं।

एक ओर कौशल्या माता विहार को प्रशासन सुरक्षित, व्यवस्थित नगर बताकर बसा रहा है तो दूसरी ओर शराब भट्टी खोलकर व्यवस्था खराब करने पर भी आमद है। कौशल्या माता विहार (कमल विहार) में कई बड़े-बड़े हॉस्पिटल और स्कूल है। यहां तक की शराब भट्टी के पास ही माध्यमिक व हाई स्कूल भी है। रास्ते भी बात करें तो इसे पुराना धमतरी रोड कहा जाता है। इस रास्ते पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। इसी रास्ते से होकर रायपुर के सबसे बड़े इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार जाना होगा। ज्ञात हो कि इस इंजीनियरिंग महाविद्यालय में चुनाव के दौरान मतपेटी रखा जाता है, मतगणना होता है, परिणाम जारी होता है। चुनाव में विजयी प्रत्यासी इसी रास्ते से अपने गंतव्य को प्रस्थान करते है। कुछ दूर आगे में ही शंकराचार्य कॉलेज है, रावतपुरा कॉलेज भी है।

भई अब आप कहेंगे कि रास्ता है तो कहीं न कहीं तो जायेगा ही। हो सकता है यहीं से स्वर्ग-नरक का रास्ता दिख जाये। शराब भट्टी के पास हादसा न हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता। शराब पीकर निकल रहे लोग गाड़ी के चपेट में आकर स्वर्गलोक जायेंगे। भगवान न करे कहीं नशे में धूत वाहन चालक इंजीनियरिंग के छात्र/ छात्राओं व प्रोफसर को अपनी चपेट में ले ले। डूण्डा बस्ती के छोटे-छोटे बच्चों का इस भट्टी से होकर मिडिल और हाई स्कूल रोज आना-जाना होगा, उनके साथ कुछ भी अप्रिय घटना घटित हो सकता है। ट्रेफिक दबाव के कारण एक्सीडेंट होना तो आम हो जायेगा यदि स्कूली छात्राएं छेड़खानी और लूटपाट के शिकार हो जाये तो। ये भी हो सकता है स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को शराब की लत लग जाये। आसानी से शराब मिलने के कारण आस-पास के लोगों के घर में कलह मचेगा वो अलग। बीमारी, डॉक्टर, हॉस्पिटल, घर की बर्बादी। सब इसी रास्ते होकर जायेगा। खैर जनता का स्वर्ग या नरक का रास्ता कटे तो भी सरकार का क्या जायेगा। मुआवजा भी तो शराबियों की जेब से देना है। न तो उस स्थान का चयन करने वाले डीएम,एसडीएम के जेब से जायेगा और न ही सीएम को अपने जेब से देना है।

जब देश को चलाने वाले ब्यूरोक्रट ही ऐसा प्रोजक्ट लांच करते है तो आम आदमी की क्या बिसात। वे तो शराब भट्टी बंद करने के लिए जनता द्वारा किये जा रहे शांति पूर्वक आंदोलन को भी कुचलने की पूरी कोशिश करेंगे। भट्टी बंद कराने के लिए आंदोलनरत युवा साथियों और माता-बहनों को प्रणाम। 5 हजार की आबादी में 10-20 लोगों का कारवाँ जरूर रंग लायेगा। मजरूह सुल्तानपुरी ने कहा है- 'मैं अकेला ही चला था जानिब-ए-मंज़िल मगर,लोग साथ आते गए और कारवाँ बनता गया।' अभी इस कारवाँ में बजरंग दल डूण्डा, छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना, ग्रामवासी, कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधि आगे आए है।

उम्मीद है इसमें कौशल्या माता विहार (कमल विहार) के निवासी, आस-पास के कॉलोनी वाले, हॉस्पिटल वाले, स्कूल वाले, व्यवसायी, इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार, शंकराचार्य कॉलेज, मुजगहन, रावतपुरा कॉलेज धनेली, के छात्र/ छात्राएं व प्रोफेसर, शासकीय स्कूल के शिक्षक व बच्चें...आदि के साथ जनसैलाब जिस दिन उमड़ गए तो क्या होगा, कल्पना कीजिए...।

अरे! लगाथे अतका लंबा चौड़ा भासन म भांचा के दिमाक गरम होगे, " भइगे भइगे भइगे चिल्लावथे। अब इहां दू बात हो सकत हे कि भांचा तको शराब भट्टी बंद कराये के आंदोलन में कुद परही या फेर अपने पइसा के एक पउवा लिही, नीट मारही अउ नून चाटत निकल लिही। ...जा निपोर वइसे भी केहे गे हावय- "राम ही उबारे, राम ही डुबोये"।

## आज का राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने व्यवसाय में कम मेहनत से अत्यधिक लाभ मिलेगा, जो आपको खुशी देगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नौकरी में कार्यरत लोग कहीं और अप्लाई कर सकते हैं। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी, जिसमें आप कोई जरूरी जानकारी शेयर न करें।

वृषभ आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आप अपने कामों को धैर्य व संयम से निपटाने की कोशिश करें। आपको बेवजह कामों को लेकर भाग दौड़ बनी रहेगी। आप दूसरे के मामले में बोलने से बचें। आप किसी संपत्ति को खरीदने की योजना बनाएंगें। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम व सहयोग आपके मन में बना रहेगा। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

मिथुन नौकरी में कार्यरत लोगों को कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील फाइनल होगी। आपकी संतान के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। आपका खर्च भी अधिक होगा। आप काम को लेकर यदि परेशान थे, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से सलाह मशवरा कर सकते हैं। यदि आप व्यवसाय में काम को लेकर कोई लोन लेने की सोच रहे थे, तो उसमें आपको लाभ मिल सकता है।

कर्क आज का दिन आपके लिए मनचाहा लाभ दिलाने वाला रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर यदि लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप लगाएं। कुछ महंगी चीजों के प्रति रुझान अधिक रहेगा। धन खर्च भी अधिक होगा। आप शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करें। आपकी कोई बात आपके बॉस को बुरी लग सकती है। आप अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें।

सिंह आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप वाद विवाद से दूर ही रहे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला यदि लंबे समय से विवादित था, तो आपको उसके लिए कुछ लोगों से मिलना जुलना पड़ सकता है। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। आप अपने काम करने के प्रयासों में तेजी ला सकते हैं। आप किसी नए घर, मकान, दुकान आदि की खरीदारी करने की प्लानिंग कर सकते हैं।

कन्या आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए लाभदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी को परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं। कारोबार में यदि आपकी कोई डील अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। परोपकार के कार्य में भी आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। अपने खर्चों को बढ़ने से रोकने की आवश्यकता है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बना रहेगा।

तुला आज का दिन आपके धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। यदि माताजी को कोई सेहत संबंधित समस्या हो, तो उसमें आपको लापरवाही करने से बचना होगा। रोजगार की तलाश में परेशान लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपको वाहनों का प्रयोग भी सावधान रहकर करना होगा।

वृश्चिक आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रखने वाला है। आपको किसी बात को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आपको घर परिवार में सुख शांति बनाए रखने की आवश्यकता है। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपके मन में किसी काम को लेकर आज संशय बना रहेगा। जीवनसाथी को आप कहीं घुमाने फिराने लेकर जा सकते हैं।

धनु आज का दिन आपके लिए जल्दबाजी में कोई काम करने से बचने के लिए रहेगा। आप अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको किसी काम को दूसरों के भरोसे छोड़ने से बचना होगा। आपको काम को लेकर भाग दौड़ अधिक रहने वाली है। आप जीवनसाथी से किसी बात को लेकर कोई ऐसी बात बोल सकते हैं, जो कि उन्हें बुरी लगेगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप अपने घर कामो में अच्छा खासा धन खर्च करेंगे।

मकर आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। परिवार में बड़े बुजुर्गों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव खुब पसंद आएंगे। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी, लेकिन आप सेहत के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना बरतें। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी में सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे।

कुंभ आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप बेवजह यात्रा करने से बचे। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम रखने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी पद व प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोग अपनी मेहनत में तेजी लायेगे। आपको किसी लापरवाही के कारण कोई नुकसान होने की संभावना है। आप अपने घर के कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

मीन आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपका आत्मविश्वास काफी मजबूत रहेगा और संपत्ति को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। भाई व बहनों से यदि आप काम को लेकर कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी, लेकिन आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी जिम्मेदारियां से घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है।

## दहेज का विरोध, पर मालदार की चाहत क्यों?

# मालदार दूल्हा ढूंढने वालों, खुद से भी सवाल करो !

**डॉ सत्यवान सौरभ**



भारत में दहेज प्रथा एक ऐसा सामाजिक अभिशाप है जो आज भी गहरे तक जड़ें जमाए हुए है। दहेज लेना न सिर्फ एक अपराध है, बल्कि यह उस महिला के सम्मान का अपमान है जिसे एक बेटी, पत्नी और बहू के रूप में समाज में उच्च स्थान दिया जाता है। परंतु, यह प्रथा केवल पुरुषों के लालच तक सीमित नहीं है, बल्कि कई बार इसे बढ़ावा देने में खुद परिवार और समाज की सोच भी शामिल होती है। दहेज के विरोध में बोलना एक बात है और अपने घर की बेटियों के लिए एकलौता मालदार दूल्हा ढूंढना दूसरी। यह विरोधाभास हमारी मानसिकता की गहरी खाई को उजागर करता है। हम एक ओर दहेज का विरोध करते हैं, पोस्ट लिखते हैं, नारे लगाते हैं, और दूसरी ओर जब अपनी बेटियों की शादी की बात आती है, तो संपन्न परिवार और मोटी तनख्वाह वाले लड़के की खोज में जुट जाते हैं। यह दोहरी सोच एक ऐसी सामाजिक बीमारी है जो हमें अपने मूल्यों से दूर कर रही है। यह मानसिकता केवल दहेज तक सीमित नहीं है। यह हमारी सोच का एक व्यापक हिस्सा है जो समाज के हर पहलू में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, जब हम किसी लड़की के लिए लड़का देखते हैं, तो हम उसकी शिक्षा, विचारधारा, और चरित्र से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व देते हैं। यह सोच न केवल लड़कियों को वस्तु की तरह पेश करती है, बल्कि लड़कों पर भी आर्थिक दबाव डालती है कि वे एक 'आदर्श वर' बनने के लिए अपने कैरियर और कमाई पर अधिक ध्यान दें।इस सोच का सबसे बड़ा उदाहरण तब देखने को मिलता है जब शादी के विज्ञापनों में 'अच्छे परिवार', 'सरकारी नौकरी', और 'खूब कमाने वाले लड़के' की मांग की जाती है। यह केवल एक आर्थिक सुरक्षा की मांग नहीं है, बल्कि एक गहरी मानसिकता का परिचायक है, जो यह मानती है कि लड़की को खुश रखने के लिए धन ही सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यह न केवल विवाह को एक व्यापार बना देता है, बल्कि एक सच्चे रिश्ते की नींव को भी कमजोर करता है। ऐसी स्थिति में सवाल यह उठता है कि क्या हम सच में इतने असुरक्षित हैं कि हमें अपनी बेटियों की खुशियों के लिए एक मात्र आर्थिक स्थिरता की



जरूरत है? क्या हमें यह समझने में अब भी देरी है कि एक अच्छे इंसान का मोल उसके चरित्र, विचार और व्यवहार से आंका जाना चाहिए, न कि उसकी जेब की गहराई से? इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी है। यह तब ही संभव है जब हम अपने बेटों को यह सिखाएं कि उनकी कीमत उनके चरित्र से है, न कि उनके वेतन से। हमें अपनी बेटियों को यह सिखाना होगा कि उनका मूल्य उनकी खुद की पहचान से है, न कि किसी के नाम के साथ जुड़ने से। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें अपने समाज में इस दोहरे मापदंड को समाप्त करना होगा और ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना होगा जो सच्चे अर्थों में समानता और सम्मान का अर्थ समझे। हमारे समाज में दहेज की परंपरा का इतना गहरा प्रभाव है कि लोग इसे सम्मान का प्रतीक मानते हैं। कई बार तो इसे शान और प्रतिष्ठा की बात समझा जाता है, और जो इसे नहीं मानता, उसे समाज में कमतर माना जाता है। यह सोच केवल बेटियों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को कमजोर करती है। यह परिवारों को कर्ज में डुबोती है, रिश्तों में दरारें डालती है और समाज की नींव को हिला देती है। दहेज के खिलाफ लड़ाई तब ही सफल होगी जब हम इस समस्या को केवल कानून से नहीं, बल्कि अपनी मानसिकता से भी मिटाएंगे। हमें ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां लड़कियों की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा, हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि वे अपने जीवनसाथी का चयन केवल उनकी योग्यता, चरित्र और विचारधारा के आधार पर करें, न कि उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को देख कर। यह बदलाव केवल एक व्यक्ति की सोच से नहीं, बल्कि पूरे समाज की सोच में बदलाव लाने से संभव है। समय आ गया है कि हम दहेज की इस बिमारी को जड़ से उखाड़ फेंके और एक ऐसे समाज की नींव रखें जहां विवाह एक समान और सम्मानजनक बंधन हो, न कि आर्थिक सौदेबाजी का माध्यम। हमें यह समझना होगा कि शादी एक पवित्र संबंध है, न कि व्यापार। सिर्फ कानून बनाना ही काफी नहीं है। हमें अपने विचारों, परंपराओं और सोच में बदलाव लाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे घरों में बेटियों और बेटों को समान रूप से महत्व दिया जाए। हमें अपने बेटों को यह सिखाना होगा कि वे अपने जीवनसाथी का सम्मान करें, उन्हें एक समान साथी मानें, न कि एक वस्तु के रूप में। सच्चे बदलाव की शुरुआत हमारे घरों से होनी चाहिए। जब हम अपने बेटों को यह सिखाएंगे कि वे किसी के साथ सिर्फ उसके चरित्र और विचारधारा के आधार पर जुड़ें, तभी समाज से दहेज की इस बुराई को मिटाया जा सकेगा। हमें यह याद रखना चाहिए कि बेटियां किसी के लिए बोझ नहीं, बल्कि एक आशीर्वाद हैं।

# मुलेर में विकास की नई सुबह, 'नियद नेल्लानार योजना' से बदली तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 मई ।** दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक का सुदुर सीमावर्ती गांव मुलेर कभी धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र में गिना जाता था। मूलभूत सुविधाओं से वंचित और विकास से दूर हाशिये में रहे मुलेर में आज बदलाव की बयार बह रही है। इस गांव में अब विकास कार्यों की गूंज सुनाई दे रही है। यह सब संभव हो पाया है 'नियद नेल्लानार योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन से, जिसने प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास की एक नई डोर बांधी है।

## विकास की नई रफ्तार

जहां पहले ग्रामीण सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और पुल-पुलिया जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। योजना के तहत मुलेर ग्राम पंचायत में कुल 62 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी अनुमानित लागत 9 करोड़ 32 लाख 58 हजार रुपये है। इन कार्यों में से 11 कार्य पूर्ण हो चुके हैं,11 कार्य प्रगतिरत हैं, और 30 कार्यों की जल्द ही शुरुआत की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ये सभी कार्य डीएमएफ एवं मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं, जिससे न केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण हो रहा है बल्कि ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है।

## गांव की बदलती तस्वीर

मुलेर गांव में हो रहे बदलाव केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका प्रत्यक्ष प्रभाव गांव की जमीनी हकीकत में देखा जा सकता है। जिन सड़कों से पहले केवल पैदल चलना संभव था, अब वहां ग्रामीण वाहन चलाते दिखाई दे रहे हैं। जल जीवन मिशन के बेहतरीन क्रियान्वयन से मुलेर ग्राम के शत प्रतिशत घरों में नलों से पेयजल की सुविधा प्राप्त है। जिसका माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं अवलोकन किया गया।

जन-विश्वास की पुनःस्थापना'नियद नेल्लानार' का मूल उद्देश्य था जहां प्रशासन नहीं पहुंचा, वहां तक पहुंच बनाना÷। इस संकल्पना को जमीनी स्तर पर उतारने में जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रामीणों और प्रशासन के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया गया, जिससे लोग अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं को खुलकर साझा कर पाए। इसी के परिणाम स्वरूप अब ग्रामीण स्वयं अपने गांव के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं। दंतेवाड़ा प्रशासन की यह पहल केवल मुलेर तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले समय में योजना के विस्तार के साथ जिले के अन्य सुदूर और वंचित इलाकों तक यह परिवर्तनकारी पहल पहुंचाई जाएगी। नियद नेल्लानार केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह एक विश्वास, एक समर्पण और एक नए दंतेवाड़ा के निर्माण की कहानी है , जहां हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है, और हर नागरिक को उसका अधिकार और सम्मान प्राप्त है।

मुलेर ग्राम पंचायत में बुनियादी सुविधाओं का विकास 474 माड़िया जनजातीय निवासियों को योजनाओं का मिल रहा लाभकुआकोंडा ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुलेर, जो जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, में बुनियादी सुविधाओं और शासन की योजनाओं का लाभ जनजातीय समाज तक पहुंच रहा है। इस ग्राम पंचायत में कुल 112 घर और 474 की जनसंख्या है, जिसमें सभी माड़िया जनजाति के लोग निवास करते हैं। ग्राम में 11 हैंडपंप, 2 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, वहीं बच्चे हितावर के नहाड़ी आश्रम में अध्ययनरत हैं। ग्राम पंचायत में 81 मनरेगा जॉब कार्ड, 123 राशन कार्ड, 15 विधवा पेंशन, 8 वृद्धावस्था पेंशन, 37 किसान क्रेडिट कार्ड, 120 नल जल योजना के लाभार्थी, 55 श्रमिक पंजीयन और 30 महतारी वंदन योजना के हितग्राही पंजीकृत हैं। ये सभी योजनाएं मुख्य रूप से नेल्लानार ग्राम के तहत संचालित की जा रही हैं। ग्राम वासियों को उम्मीद है कि शासन की इन योजनाओं से उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा और बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का और विस्तार होगा।इस क्रम 15 मई 2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन तिहार-2025 अभियान अंतर्गत मुलेर ग्राम में चौपाल लगाई गई थी। जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए मुलेर ग्राम के सर्वांगीण विकास का आह्वान करते हुए ग्रामीणों से सहभागिता की अपील की। इसके साथ ही कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मुलेर में सभी विभागों की योजनाओं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जा रहा है। इस क्रम में यहां फेब्रिकेटकेड आंगनबाड़ी,उचित मूल्य की दुकान का निर्माण किया गया है। इसके अलावा शिक्षा सुविधाओं के तहत प्राथमिक शाला भवन का निर्माण भी अति शीघ्र किया जायेगा।

# पालनार के मैदान में 24 टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा,17 मई ।** जिले के ग्राम पंचायत पालनार में शहीद वीर बिरसा मुंडा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष भी उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट आज़ाद युवा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा लगातार 25 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।इस वर्ष जिले की कुल 24 टीमों ने टूर्नामेंट में भाग लिया है। विजेता टीम को ?51,000, उपविजेता को ?31,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ?15,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य आकर्षक पुरस्कार भी प्रतिभागियों के लिए रखे गए हैं।प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय श्री चैतराम अटामी, जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुधावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, तथा जनपद अध्यक्ष श्री सुकालू मुड़ामी ने संयुक्त रूप से खेल का शुभारंभ किया।इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, ग्राम पंचायत पालनार के सरपंच श्री राहुल वेट्टी, आज़ाद युवा स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी, खिलाड़ीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि शहीद वीर बिरसा मुंडा जी जैसे वीर सपूत की स्मृति को भी जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# अवैध रूप से निवासरत बांग्लादेशी पति-पत्नी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई,17 मई।** अवैध रूप से निवासरत बांग्लादेशी महिला शाहीदा खातून उर्फ ज्योति एवं मो. रासेल शेख को भिलाई से गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों पति-पत्नी हैं। यह दंपत्ति वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से भारत बांग्लादेश सीमा से प्रवेश कर अपनी पहचान छिपाते हुए सुपेला में नाम बदल कर रह रहा था। दोनों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर आधार और पैन कार्ड सहित वोटर आईडी बनाकर बैंक का खाता भी खुलवा लिया था। हाल ही में भिलाई से पन्ना बीवी नाम की बांग्लादेशी महिला की भी गिरफ्तारी हुई है आज दोपहर एक पत्रकार वार्ता में दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से भिलाई में रह रहे शाहीदा खातून उर्फ ज्योति एवं मो. रासेल शेख इंटरनेट कॉल एवं वाट्सएप के माध्यम से बांग्लादेश स्थित परिजनों से सतत संपर्क बनाए हुए थे। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 विदेशी नागरिक विषयक अधिनियम 1946 एवं भारतीय पासपोर्ट अधिनियम 1967 एवं पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 के तहत कार्यवाही की गई है उन्होंने बताया कि अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर कार्यवाही के लिए एसटीएफ का गठन किया गया है। एसटीएफ को 16 मई को जानकारी प्राप्त हुई कि पांच रास्ता कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला में स्थित एक मकान में एक संदिग्ध बांग्लादेशी महिला एवं उसके पति अपना मूल पहचान छुपाते हुए ज्योति एवं रासेल शेख के नाम से रह रहे है। एसटीएफ टीम के द्वारा दुर्गा बाई के मकान में रह रही महिला एवं उसके पति से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना नाम ज्योति एवं रासेल शेख मूल निवासी ग्राम मोमिनपुर थाना स्वरूपनगर जिला उत्तर-24 परगना पश्चिम बंगाल का होना बताया। उनके द्वारा यह बताया गया है वे वर्ष 2009 से 2017 तक नवी मुंबई ठाणे में रहे। फिर शादी पार्टी में कार्य करने हेतु वर्ष 2017 से लगातार भिलाई में रह रहे हैं। पुलिस ने दोनों का आधार कार्ड चेक किया तो रहना बताये एवं पहचान हेतु महिला द्वारा उसे संदेहास्पद पाया। पुलिस के सख्ती बरतने पर महिला ने अपना मूल नाम शाहीदा खातून पिता मो. अब्दुस सलाम खां उम्र 35 वर्ष एवं उसके पति द्वारा स्वयं का नाम मो. रासेल शेख पिता मो. फकीर अली शेख उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम बाला पोस्ट रघुनाथनगर थाना झीकारगाछा जिला जेस्सोर बांग्लादेश बताया गया एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि बांग्लादेशी महिला शाहीदा खातून वर्ष 2009 से भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय बोंगा बार्डर से अवैध तरीके से नार्थ 24 परगना पश्चिम बंगाल मे प्रवेश कर हावड़ा होते हुए मुंबई जाकर मजदूरी कार्य के दौरान उसका परिचय बांग्लादेश निवासी मो. रासेल से हुई दोनों मुंबई से वापिस बांग्लादेश गये। वहीं पर योजनाबद्ध तरीके से महिला शाहीदा खातून ने अपना नाम बदलकर ज्योति रख लिया तथा मो. रासेल से शादी कर ली। शादी के पश्चात दोनों वर्ष 2017 में पासपोर्ट एवं भारतीय वीजा पर भारत मे प्रवेश किये। महिला ज्योति रासेल शेख का वीजा अवधि दिनांक 13 सितंबर 2018 एवं मो. रासेल शेख का वीजा अवधि 12 अप्रैल 2020 का था सम्पूर्ण कार्यवाही में एसटीएफ प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, निरीक्षक राजेश मिश्रा, सुपेला टीआई विजय यादव एवं उनकी टीम तथा एसटीएफ के सउनि रमेश सिन्हा, पंकज चतुर्वेदी एवं संतोष गुप्ता की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# लर्निंग लाइसेंस मिलने पर विमला वंडो के चेहरे पर आई मुस्कान



**सुकमा, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चिन्हांकित पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा विकासखंड के ग्राम जीरमपाल में आयोजित समाधान शिविर में परिवहन विभाग के स्टाल में सुश्री विमला वंडो ने लाईसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया था।समाधान शिविर में उन्होंने लर्निंग लाईसेंस के लिए आवेदन पेश किया जिनको जिला परिवहन अधिकारी श्री एसबी रावटे के द्वारा एक सप्ताह में लर्निंग लाईसेंस बनाकर प्रदान किया गया। लाइसेंस बन जाने से वे बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण और लाभकारी पहल है, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। गांवों में समाधान शिविर लगने से आवेदकों का समय और राशि दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने लर्निंग लाईसेंस मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया। इसी प्रकार कोंटा विकासखंड के गोरगुंडा निवासी मड़कम माड़ा ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन किया था। 1 सप्ताह के अंदर मुझे लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। समाधान शिविर के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

# प्री-बीएड डीएल एड प्रवेश परीक्षा 22 मई को, केन्द्राध्यक्षों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**कांकेर, 17 मई ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्री. बीएड एवं प्री. डीएलएड प्रवेश परीक्षा को लेकर आज कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्षों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर ने आगामी 22 मई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने एवं नियमों का पालन करने की बात कही। साथ ही परीक्षा केन्द्रां की साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधा मुहैया कराने हेतु केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा का सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी की व्यवस्था के साथ आपातकालीन स्थिति के लिए इमरजेन्सी बल्ब की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों के मुख्य गेट पर जिम्मेदार व्यक्ति की ड्यूटी लगाने, प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र व पहचान पत्र की अच्छी तरह जॉच करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि मेन गेट पर परीक्षा केन्द्र क्रमांक नाम और परीक्षा का नाम बड़े अक्षरों में लिखवाएं। साथ ही परीक्षा कक्ष में वीक्षकों के मोबाइल फोन उपयोग करना वर्जित है। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि प्रथम पाली प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसके लिए 27 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें 5901 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार अपरान्ह 02 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित होने वाली द्वितीय पाली प्री. डीएलएड हेतु 45 परीक्षा केन्द्रों में 9213 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल सहित जिले के प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा



**दंतेवाड़ा, 17 मई ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समग्र समीक्षा बैठक का आयोजन आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने हाल ही में संपन्न बोर्ड परीक्षाओं में जिले द्वारा प्राप्त ऐतिहासिक उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने जिले द्वारा कक्षा 10वीं में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान तथा कक्षा 12वीं में छठवां स्थान प्राप्त करने को टीम वर्क और विभागीय प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। इस संबंध में उन्होंने शिक्षा विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार उत्कृष्ट कार्य जारी रखने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने आगामी सत्र के लिए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पाठ्य पुस्तकों का वितरण, गणवेश वितरण, तथा पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण शैक्षणिक सत्र की शुरुआती दो महीनों के भीतर पूर्ण हो जाए।कलेक्टर ने समीक्षा में आगे कहा कि आने वाले शैक्षणिक वर्ष में गुणवत्तापूर्ण उत्तीर्णता प्रतिशत को बढ़ाना एक प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने ड्रॉपआउट मुक्त पंचायत अभियान को मजबूत बनाने के लिए हर घर का सर्वे कर, हर बच्चे तक पहुँचना, बच्चों का चिन्हांकन करना, तथा जनप्रतिनिधियों और समुदाय की मदद से उन्हें स्कूल से जोड़ने की कार्ययोजना पर बल दिया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जो पंचायतें उत्कृष्ट कार्य करेंगी, उन्हें ड्रॉपआउट मुक्त पंचायत घोषित कर उनके समग्र विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कक्षा 5 से 6वीं, 8वीं से 9वीं और 10वीं से 11वीं के बीच के ट्रांजिशन को गंभीरता से लेते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। प्राथमिक स्तर पर भाषाई कौशल और गणितीय दक्षता को सुदृढ़ करने के संबंध में कलेक्टर ने ''पढ़े दंतेवाड़ा, लिखे दंतेवाड़ा'' कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि पुस्तकालयों और बालमित्र कार्यकर्ताओं की भूमिका इन दोनों क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। और प्रशासन द्वारा बालमित्र कार्यक्रम को जिले की सभी पंचायतों तक पहुँचाने की योजना बनाई गई है।बैठक में मध्यान्ह भोजन योजना और ''न्योता भोज'' कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि ये योजनाएं बच्चों के पोषण और स्कूल से जुड़ाव के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इनके प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं बच्चों को कुपोषण और शारीरिक दुर्बलता से भी बचाने में सहायक होंगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने विशेष रूप से ''नियद-नेल्लानार'' पंचायत ग्रामों में शैक्षणिक स्तर की सुदृढ़ता पर जोर देते हुए कहा कि जिले की सर्वोच्च प्राथमिकता के पंचायत के रूप में चिन्हित ग्रामों में शिक्षा विभाग की सभी योजनाओं का प्राथमिकता में क्रियान्वयन कर प्रत्येक माह में उसकी समीक्षा बैठक आयोजित करें। बच्चों के शैक्षिक एक्सपोजर को बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने आगामी सत्र में बच्चों को विज्ञान केंद्र, बनमंदिर तथा अन्य शैक्षिक स्थलों का भ्रमण कराने की भी योजना की घोषणा की, ताकि विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन से जुड़ा अनुभव प्राप्त हो सके।बैठक के समापन पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की पुनः गहन समीक्षा करते हुए अगले शैक्षणिक सत्र के लिए रणनीति तैयार की गई।

# यातायात विभाग की बड़ी कार्रवाई, बसों-ट्रकों से हटाए गए तेज रोशनी वाले एलईडी लाइट्स

**सुकमा, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए यातायात विभाग सुकमा ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिला परिवहन अधिकारी श्री एसबी रावटे के नेतृत्व में बसों, ट्रकों और पिकअप वाहनों में लगी तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स को हटाने की मुहिम शुरू की गई है। इस कार्रवाई में वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर जुर्माना लगाया गया, जिनमें कुल मिलाकर 5000 का चालान किया गया। आवश्यकतानुसार दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। साथ ही, वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लाइट्स का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्री वाहनों का मासिक रोड टैक्स 20 हज़ार रुपये शासन के खाते में जमा किया गया। यातायात विभाग की इस कार्रवाई ने सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना और दोपहिया वाहनों में हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स से होने वाली दुर्घटनाओं और परेशानियों को कम करने के लिए यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि पूरे राज्य और देश के लिए एक मिसाल बन सकती है। यदि इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रहे, तो निश्चित रूप से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यात्रा सुरक्षित व सुगम होगी। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने आम जनता और वाहन चालकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क को सुरक्षित बनाने में अपना योगदान दें।

# सोरी ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 17 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत आज जनपद पंचायत कोंटा के ग्राम पंचायत नागुलगुंडा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, श्री विश्वराज चौहान, एसडीएम श्री शबाब ख़ान शामिल हुए। आयोग की सदस्य सुश्री सोरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुसार जनसामान्य की समस्याओं का समाधान शिविर में किया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजना महतारी वंदन योजना, कृषक सम्मान निधि, राशन कार्ड, जन जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना से जनसामान्य लाभान्वित हो रहे है। इस दौरान एसडीएम श्री शबाब ख़ान जनसामान्य से रूबरू हुए एवं उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनमानस से स्टाल का अवलोकन करने तथा अधिक से अधिक शासन की योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने तथा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले की उपस्थिति में नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती माताओं की गोदभराई रस्म अदा की। शिविर में ग्राम पंचायत नागुलगुण्डा, मेड़वाही, टेटराई, आरगट्टा और मनीकोंटा के ग्रामीणों से प्राप्त मांगों एवं शिकायतों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी अधिकारियों द्वारा वाचन कर दिया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने आधार कार्ड बनवाया तथा आधार अपडेशन भी करवाया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष दोरनापाल श्रीमती राधा नायक, जिला पंचायत सदस्य श्री कोरसा सन्नू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को सादर सूचनार्थ

**सुकमा, 17 मई।**उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के आज के कार्यक्रम चिंगावरम पंचायत में आयोजित शिविर में भाग लेंगे और तिरंगा रैली में शामिल होंगे।इसके पश्चात नगर पालिका सुकमा में समाधान शिविर में शामिल होंगे। तत्पश्चात तिरंगा रैली में शामिल होंगे। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनप्रतिनिधियों से संवाद और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। इसके पश्चात युवाओं से संवाद करेंगे।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**दंतेवाड़ा, 17 मई ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) की स्थापना की गई है। इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन युवा बहादुरों को उचित मान्यता देना है जिन्होंने निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी, एवं खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, संरक्षण, कला और संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक और दृश्यमान प्रभाव डाला है । इस पुरस्कार हेतु पात्रता अनुसार भारतीय नागरिक होने के अलावा कोई भी बच्चा, जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है ।

# छत्तीसगढ़ होमगार्ड भर्ती :20137 अभ्यर्थी चयनित, 30 मई तक व्यापमं वेबसाइट पर पंजीयन अनिवार्य

**दंतेवाड़ा, 17 मई ।** छत्तीसगढ़ होमगार्ड विभाग द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित महिला नगर सैनिक (छात्रावास ड्यूटी) के 1715 तथा नगर सैनिक (जनरल ड्यूटी) के 500 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक माप-जोख एवं दक्षता परीक्षा में कुल 20137 अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु चयनित किए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट https://firenoc.cg.gov पद पर उपलब्ध है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov पद पर जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। पंजीयन के लिए विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आई.डी. एवं जन्मतिथि दर्ज करनी होगी। बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई 2025 को शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से पहले पंजीयन प्रक्रिया पूरी कर लें ताकि किसी प्रकार की तकनीकी परेशानी से बचा जा सके।

## डेंगू दिवस पर दंतेवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा, 17 मई ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देश दीपक की उपस्थिति में आज डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को डेंगू के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देश दीपक ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि डेंगू मच्छरों से फैलने वाला एक गंभीर रोग है।

# एक नजर

## सीएम ने की खिलाड़ियों से मुलाकात




**बीजापुर, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के द्वारा बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के राष्ट्रीय और अंतरर्राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों से किए आत्मीय मुलाकात जिसमें खिलाड़ियों ने अकादमी के बारे में जानकारी दी साथ में पूर्व वन मंत्री श्री महेश गागड़ा जी और श्रम निरीक्षक एवं इंटरनेशनल कोच सोपान कर्णेवार उपस्थित थे।

## सुगंधित एवं औषधीय फसलों की अनुबंध खेती से महिला समूहों की आय में होगी वृद्धि



**रायगढ़, 17 मई।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष रायगढ़ में गौठानों में सुगंधित तथा औषधीय फसलों की अनुबंध खेती विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर जिले के कुल 52 स्व-सहायता समूह एवं विकासखंड-रायगढ़, पुसौर, खरसिया, तमनार, घरघोड़ा तथा धरमजयगढ़ के प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।सीईओ श्री यादव ने कहा कि गौठानों में सुगंधित तथा औषधीय फसलों से महिला समूहों को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। इसके लिए उनको प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है, ताकि वे अधिक से अधिक उत्पादकता ले सकें।इस अवसर पर श्री सुधांशु नाफड़े मैनेजर सनफ्लैंग एग्रोटेक रायपुर द्वारा लेमनग्रास, पामारोजा, तुलसी,चमेली, पिपरमेंट आदि सुगंधित तथा औषधीय फसलों की लाभदायक खेती के संबंध में विस्तृत जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया गया। परिचर्चा में उपस्थित स्व सहायता समूह सह प्रगतिशील किसानों द्वारा समूह के अन्य सभी सदस्यों से चर्चा कर प्लानिंग करने के पश्चात अनुबंध खेती हेतु सहमति व्यक्त करने की बात कही गई ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौठानों में सुगंधित एवं औषधीय फसलों की अनुबंध खेती को बढ़ावा देना और किसानों को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित करना था। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने और गौठानों की उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिलेगी। गौठानों में सुगन्धित एवं औषधीय फसलों की अनुबंध खेती को बढ़ावा देने से जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। इससे जिले की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और किसानों को अपनी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।आयोजित परिचर्चा में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ श्री नीलाराम पटेल एवं श्री महेश पटेल, श्री राजेश साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायगढ़, (जिला पंचायत बिहान) के साथ, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी रायगढ़ द्वय श्री लेखराम पटेल व श्री सूरजभान सिंह सिदार उपस्थित रहे।

## वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन 22 मई को

**रायगढ़, 17 मई।** भारतीय डाक विभाग रायगढ़ संभाग द्वारा 22 मई 2025 को प्रातः 11 बजे से कार्यालय अधीक्षक डाकघर, कोतरा रोड, कॉमर्स कालेज के पास रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी।इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण (शिकायकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर)के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग, रायगढ़, कोतरा रोड कॉमर्स कालेज के पास रायगढ़ में 22 मई या उससे पहले भेज सकते है।

# तिरंगा यात्रा में जिले के नागरिकों ने दिया एकजुटता और देशभक्ति का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गरियाबंद, 17 मई।** कलेक्टर बी.एस. उइके एवं पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के अगुवाई में प्रातः 8.00 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद के प्रांगण से तिरंगा यात्रा शुरू हुई और गांधी मैदान में राष्ट्रगान के साथ समापन किया गया। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी तो हमारे देशवासी संगठित रहते है। हमारे देश के सभी नागरिक भारतीय सेना के साथ है। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों के लोग, जिले के आर्मी के सेवानिवृत्त सैनिक, पुलिस के जवान, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, समाज सेवी संगठन, आम नागरिक, जनप्रतिनिधि महिला एवं पुरुष, बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर एकजुटता, देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया है।

पुलिस अधीक्षक श्री राखेचा ने कहा कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशायी कर दिया। हम सभी अपनी सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की सेना कुशल रणनीति के कारण देश का सम्मान गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित हुआ है। हमारी सेना के नेतृत्व में देश पुरी तरह सुरक्षित है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए आज निकली गई तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। इसके अलावा जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जी.आर मरकाम, नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, अपर कलेक्टर नवीन भगत, पूर्व सैनिक श्री पुरन लाल पुसारिया, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, मत्स्य अधिकारी आलोक वशिष्ठ, जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, नायब तहसीलदार सुश्री अवंतिका गुप्ता, के साथ ही इस यात्रा में पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, वरिष्ठ नागरिक मुरलीधर सिन्हा, आशीष शर्मा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, सुमित पारख, प्रशांत मानिकपुरी, पुष्पा साहू, नपा सभापति विष्णु मरकाम, सूरज सिन्हा, खेम सिंह बघेल, प्रकाश यादव, भीम साहू, प्रतीक सिंह, प्रकाश सोनी, विनोद नेताम सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने समाधान शिविर का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 मई ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के परिकल्पना का साकार करने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों के समस्या का त्वरित निराकरण करने, शासन-प्रशासन का जनता के बीच संवाद स्थापित करने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

नगरपालिका बीजापुर अर्न्तगत वार्ड क्रमांक 5, 6 एवं 7 के वार्ड वासियों एवं जनसाधारण की समस्याओं के समाधान एवं समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जैतालूर मार्ग पर स्थित हल्बा समाज भवन परिसर में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया।उक्त शिविर में वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। मंत्री महोदय के आकस्मिक उपस्थिति पर जनसाधारण में उत्साह देखने को मिला मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिविर का आयोजन किया गया।शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जन साधारण की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने उनके मांगो को पूरा करने के लिए विगत दो माह से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को निराकृत करते हुए आवेदकों को अवगत भी कराया जा रहा है।प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं बीजापुर प्रवास के दौरान जिले के विकास को नई दिशा देने बीजापुर में शांति, सौहार्द्र और अहिंसा के स्थापना के साथ जिले के सर्वांगीण विकास हेतु गहन समीक्षा करते हुऐ जिले के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बीजापुर जिला का गठन एवं उनके निरंतर विकास के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बीजापुर को जिले का स्वरूप प्रदान किया। पहले आतंक और भय का वातावरण होता था लेकिन अब निरंतर विकास शासकीय योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन अधोसंरचना सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल जैसे नागरिक सुविधाओं के विस्तार से बीजापुर जिले का स्वरूप लगातार बदल रहा है। सकारात्मक, बदलाव, का यह सिलसिला जारी रहेगा।मंत्री श्री कश्यप ने हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाते हुऐ कहा जिसमें राजस्व विभाग अर्न्तगत जन्म के तुरंत बाद जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करते हुऐ बताया कि पहले जाति प्रमाण पत्र के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी जो अब आसानी से घर पर पहुंचा कर दिया जा रहा है।इसी तरह रसोई गैस हर किसी को नहीं मिल पाता था जो आज प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रत्येक घरों में रसोई गैस मिल रहा है।




स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को बताते हुए कहा कि गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए लोगों को घर, जमीन, जायदाद बेचने पड़ जाते थे जो आज 5 लाख रूपए तक निःशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सरकार द्वारा दी जा रही है।

मंत्री ने कहा कि सभी योजनाओं का समुचित लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार सरकारी तंत्र की पहुंच अंतिम छोर तक हो और अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचे इसके अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को मंच के माध्यम से लाभान्वित किया गया।उक्त शिविर के माध्यम से प्राप्त 87 आवेदनों में से 75 आवेदनों के निराकरण एवं शेष 12 आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही करने की जानकारी दी गई। वहीं शिकायत के प्राप्त 3 आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण किया गया।नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी ने उपस्थित जनसमुदाय को शासन के योजनाओं का समुचित लाभ लेने की अपील की।इस अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, डीएफओ श्री रामाकृष्णा वाय, एसडीएम बीजापुर श्री

# युक्तियुक्तकरण व अन्य मांगों को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 मई ।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत एक दिवसीय बीजापुर यात्रा प्रवास पर पहुंचे माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,प्रभारी मंत्री माननीय केदार कश्यप वा पूर्व मंत्री महेश गागड़ा जी का शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला बीजापुर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया एवं युक्तियुक्तकरण व अन्य मांगों को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने बताया कि 1 - 2008 के सेटअप को यथावत रखते हुए वर्तमान में हो रही युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया अंतर्गत प्राथमिक शालाओ में एक प्रधान अध्यापक एवं 2 सहायक शिक्षक एवं माध्यमिक शालाओ में एक प्रधान अध्यापक व 4 विषय अनुसार शिक्षकों का प्रावधान किया जाए,जिससे शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित ना हो2.बस्तर संभाग अंतर्गत प्रधान पाठक( माध्यमिक शाला ),शिक्षक व विभिन्न जिलों के प्रधान पाठक (प्राथमिक शाला)की पदोन्नति विगत 2 वर्षो से रुकी हुई है,युक्तियुक्तकरण से पूर्व समस्त रिक्त पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही की जाए, पदोन्नति उपरांत ही युक्तियुक्तकरण किया जाए,3.केंद्र सरकार अनुसार महंगाई भत्ता से वर्तमान में हम 2 प्रतिशत पीछे है जिसे देय तिथि से आदेश कर प्रदाय किया जाएप्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें युक्तियुक्तकरण में उत्पन्न वेतन विसंगतियों और पद समाप्ति की आशंका के बारे में जानकारी दी। फेडरेशन का यह भी कहना है कि यदि यह प्रक्रिया 2008 के तय मानकों पर आधारित नहीं रही,तो इससे कई शिक्षकों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। अनेक स्कूलों में पहले से ही शिक्षकों की भारी कमी है, ऐसे में यदि पद कम किए जाते हैं या स्थानांतरित किए जाते हैं तो शिक्षा व्यवस्था चरमरा सकती है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और भरोसा दिलाते हुए शीघ्र ही अधिकारियों से चर्चा कर इस विषय पर उपयुक्त उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

## प्लेसमेंट मेला का आयोजन 23को

**रायगढ़, 17 मई।** योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के निर्देशानुसार 23 मई 2025 को प्रातः 9 बजे से शासकीय आईटीआई चक्रधर नगर, रायगढ़ में प्लेसमेंट मेला का आयोजन होगा। जिसमें निजी प्रतिष्ठान सत्या अर्थ मुवर्स, जेनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एवं ऑटो सेंटर रायगढ़ में रिक्त विभिन्न 115 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## सर्पदंश के एक प्रकरण में 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 17 मई।** लैलूंगा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम-चंवरपुर तहसील मुकडेगा निवासी पुनीसाय सोरेंग की 1 अगस्त 2024 को सर्पदश के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई थी।

# शिक्षादूत की हत्या से भय व्याप्त

**बीजापुर, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। और हमारा बस्तर संभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ ही पांचवी अनुसूचि का इलाका है।शिक्षा के पर्याप्त साधन और सुविधा के अभाव में दूसरे क्षेत्रों की अपेक्षा यह क्षेत्र कॉफी पिछड़ा हुआ है, इसीलिए इस क्षेत्र को पांचवी अनुसूची के तहत अनुसूचित किया गया है, इसी व्यवस्था के तहत हमें स्थानीय भर्तियों में स्थानीय बेरोजगारों को भर्ती किए जाने का अधिकार मिला है, जिसे कुछ लोगों ने न्यायालय में चुनौती दिया था/ तत्कालीन प्रदेश सरकार की लापरवाही की वजह से अदालत में सरकार अपना पक्ष मजबूती से नहीं रख पायी और सरकार बस्तर के स्थानीय बेरोजगारों के अधिकार की रक्षा नहीं कर पाई, जिससे बस्तर के स्थानीय बेरोजगारों का वह हक अधिकार बस्तर की स्थानीय बेरोजगारों से छीन लिया गया है, आज मेरिट के नाम पर क्षेत्र के बाहर से लोगो को भर्ती किया जा रहा है ।क्या हमें अपने इस अधिकार को पाने के लिए पहल नहीं करना चाहिए बस्तर में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के स्थानीय बेरोजगारों की भर्ती के लिए बस्तर की जनता निरंतर संघर्षरत रही है।और उस संघर्ष में स्थानीय बेरोजगार ने बढ़ चढ़कर भाग भी लिया था / दुबारा पुरे बस्तर संभाग में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की भर्ती स्थानीय बेरोजगारों में से किया जा सके और बस्तर के स्थानीय भर्ती से बस्तर वासियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके इसके लिए बस्तर वासियों आओ स्थानीय भारती को लेकर निरंतर संघर्ष करें और अपने अधिकारों को सुरक्षित करें।

# लू से बचाव हेतु निर्देश जारी



**बीजापुर, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 बी0आर0 पुजारी जिला बीजापुर द्वारा लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में जानकारी प्रसारित किये गए, ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आम जनता से अपील किया है कि लू के प्रभाव को गंभीरता से ले। इससे बचाव के लिये आवश्यक सावधानी बरतने और सुरक्षित रहने के उपाय बताए गये। घर से बाहर निकलने के पहले प्रयाप्त पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढककर रखें, टोपी, कपड़ा, छतरी का उपयोग करें। पानी, छाछ, ओ.आर. एस.का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना, पेज ईत्यादि का सेवन करें। पानी हमेशा साथ में रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। धूप में निकलने से पहले तरल पदार्थ का सेवन करें। बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टीयां माथे पर रखे। कूलर या एयर कंडीशन से एकदम बाहर न निकलें। साथ ही साथ ही अनावश्यक धूप में न निकलें। अधिक जानकारी के लिए मितानीन दीदी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं नजदीकी स्वास्थ्य से सम्पर्क कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री को बीजापुर पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



**बीजापुर, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को आज बीजापुर जिले के पुलिस बल द्वारा सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, दंतेवाड़ा के श्री विधायक चैतराम अटामी और मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# हितग्राहियों को मिली खुशियों की चाबी, कहा-पीएम आवास योजना से पक्के मकान का सपना हुआ पूरा




**रायगढ़, 17 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों में जनसामान्य की मांग, समस्या एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलस्टर स्तर पर आयोजित इस समाधान शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर प्रथम चरण में दिए गए आवेदनों पर की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी के साथ नए आवेदन भी प्रस्तुत कर रहे है।

समाधान शिविर अंतर्गत आज लैलूंगा के केशला और धरमजयगढ़ के आमापाली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। लैलूंगा के ग्राम पंचायत केशला में आयोजित शिविर में ग्राम के गोविंदों निषाद एवं विपिन पैंकरा को पीएम आवास योजना के तहत खुशियों की चाबी सौंपी गई। श्री गोविंदों एवं श्री विपिन ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि शासन की योजना से उनका पक्के घर का सपना पूरा हुआ है। मिट्टी के घर में सालाना मरम्मत की जरूरत होती थी जिससे अनावश्यक काफी पैसे खर्च होते थे। वहीं खासकर बरसात के दिनों में कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ता था, लेकिन अब पक्का आवास बनने से वे सभी प्रकार की समस्याओं से छुटकारा मिला हैं। ऐतवार साय एवं बोधन राम चौहान को पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पेंशन प्रमाण पत्र मिलने से हितग्राहियों ने धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें इस उम्र में शासन ने आर्थिक सहारा देने का कार्य किया है। इससे वे अब अपनी छोटी-छोटी जरूरत को पूरा कर सकेंगे। इसी तरह उद्यानिकी विभाग द्वारा फलदार पौधा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं पोषण आहार वितरण तथा बच्चों को अन्न प्रासन्न करवाया गया तथा पशुधन विकास विभाग द्वारा मिनरल मिक्सर एवं डी वार्मर का वितरण कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष जिला पंचायत रायगढ़ दीपक सिदार,अध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा श्रीमती ज्योति भगत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री पनत राम भगत, जनपद सदस्य श्रीमती पुष्पांजलि पैकरा, श्रीमती सौभागी गुप्ता, श्रीमती रहस बाई चौहान, श्रीमती उमा पटेल, श्री मनोज सतपथी, श्री संजय पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।इसी प्रकार धरमजयगढ़ के आमापाली में आयोजित समाधान शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। जिसमें 8 स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र एवं 11 हितग्राहियों को पीएम आवास की खुशियों की चाबी सौंपी गई। पीएम आवास से लाभान्वित नागदरहा निवासी रिमला, लोकनाथ एवं कुंतला गुप्ता ने कहा कि आज उन्हें बहुत खुशी हो रही है। उन्हें आज पीएम आवास के तहत पक्के आवास लाभान्वित किया गया है। वहीं राशन कार्ड से लाभान्वित सागरपुर पंचायत निवासी रोशनी मंडल, भानुमति एवं कुंती ने कहा कि आवेदन पश्चात आज राशन कार्ड मिलने से उनकी राशन संबंधित समस्याएं दूर हो गई है। इसी तरह बिहान अंतर्गत ज्ञान महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत आमापाली, शिव शक्ति स्व-सहायता समूह एवं सिमरन ग्राम संगठन ग्राम पंचायत नागदरहा, जनमित्रय ठाकुर देव स्व-समूह और तुलसी स्व-सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि अंतर्गत 60-60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# चुनौतियों के आधार पर खुद को ढालना कैरियर के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्किल:कलेक्टर



**रायगढ़, 17 मई।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में निवासरत महिला एवं छात्राओं के लिए नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में मार्गदर्शन सह करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि करियर के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्किल है सीखना। जो स्किल आपके करियर के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है, उसे सीखने के लिए हमेशा तैयार रहें, एडेप्टेबिलिटी सबसे महत्वपूर्ण है। ताकि आपको किसी भी क्षेत्र में भेज दिया जाए आप उसको एडॉप्ट कर अपना करियर स्टार्ट कर सके। नव गुरुकुल आपको वह टूल्स सिखाता हैं, जिसके बाद आप कहीं भी रहे, नई स्किल सीखने में आपको आसानी होगी। इस ट्रेनिंग में आपको सीखने की कला सिखाई जाएगी, क्या सीखना है कितने आगे तक सीखना है यह आपका निर्णय होगा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को जीवन में सफल होने हेतु टिप्स भी दिए।सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि कलेक्टर श्री चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला महत्वपूर्ण पहल है, क्योंकि कैरियर मार्गदर्शन में केवल मोटिवेट किया जाता रहा है लेकिन इसमें कैरियर बनाने का अवसर भी दिया जा रहा है। अमूमन विद्यार्थी बारहवीं, कॉलेज के बाद आगे क्या करना इस दुविधा में होते है, लेकिन आपके पास एक क्लियर गाइडेंस हो तो जीवन में कुछ भी कर सकते हो, यही कार्य नवगुरुकुल के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके माध्यम से आप सेल्फ कॉन्फिडेंस के साथ नई स्किल सीखेंगे और जिससे निश्चित तौर पर सफल होंगे। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने बच्चों को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान पर नव गुरुकुल की फाउंडर निधि द्वारा पूरे प्रशिक्षण सत्र का संचालन किस तरीके से होगा, प्रशिक्षण के दौरान पढ़ाई किस तरीके से पूर्ण की जाएगी और प्रशिक्षण के बाद भविष्य में जॉब की क्या-क्या संभावना है, के संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए उनकी शंकाओं को भी दूर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों के चयन के लिए एक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन स्कैनिंग टेस्ट का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिले से लगभग 700 छात्राओं एवं उनके पालक उपस्थित रहे ।इस अवसर पर अतिरिक्त कार्यपालन अधिकारी श्री महेश पटेल, डीएमसी श्री नरेंद्र चौधरी, जिला परियोजना अधिकारी साक्षर भारत देवेंद्र वर्मा, मनोज अग्रवाल बीआरसी, नवगुरुकुल के पार्थ, रायगढ़ विकासखण्ड के सभी सीएसी, पालक सहित उपस्थित रहे।

## 18 से 24 माह का होगा निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण

रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा रायगढ़ जिले में निवासरत महिलाओं को 18 से 24 माह का कंप्यूटर कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग का प्रशिक्षण देकर उनको प्रोग्रामिंग और स्किल में दक्ष बनाना है।

# थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुजारीकांकेर में मोबाइल टॉवर प्रारंभ



**बीजापुर, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बीजापुर के थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पुजारीकांकेर के ग्रामीणों को मिली सौगात, जिओ का मोबाइल टॉवर हुआ प्रारंभ, संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम पुजारीकांकेर, सिंगनपल्ली, भीमाराम, उतलापल्ली, तुमरेल के ग्रामीणों को संचार सुविधा का लाभ मिलेगा।छ.ग. शासन के ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना एवं केंद्र की यू एस ओ एफ योजना के तहत दिनांक 15/05/2025 को ग्राम पुजारीकांकेर में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है। मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे लाभ मिलेगा।क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन की सुविधा के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होगी। वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट की आवश्यकता और सुविधा को देखते हुए, क्षेत्र में संचार व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और वे देश-विदेश के साथ जुड़ सकेंगे। इसके अलावा, यह कदम क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# आदिवासी जमीन की गैरकानूनी रजिस्ट्री!

## प्रशासन की मिलीभगत से अन्य पिछड़ा वर्ग को बेची गई जमीन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 17 मई।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र छुरा में एक ऐसा चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। ग्राम हीराबतर में एक आदिवासी नागरिक की जमीन को नियम-कानून को ताक पर रखकर पिछड़ा वर्ग (OBC) के लोगों के नाम पर रजिस्ट्री कर दिया गया। यह रजिस्ट्री न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा हमला है।

**मामले की जड़ एक आदिवासी, दो रजिस्ट्री, दो OBC खरीदार :** गांव हीराबतर निवासी गणेशी पिता विसराम, जो कि अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग से हैं, ने अपनी निजी भूमि को किसी आवश्यक कार्य हेतु बेचा।लेकिन इस बिक्री में जो हुआ, वह चौंका देने वाला था –एक ही भूमि की रजिस्ट्री दो बार, और वह भी गैर-आदिवासी (OBC) वर्ग के दो लोगों के नाम!

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस रजिस्ट्री में पटवारी से लेकर रजिस्ट्रार तक की मिलीभगत की आशंका है। मामला साफ तौर पर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, पेसा कानून (PESA Act) और संविधान के आदिवासी सुरक्षा प्रावधानों का घोर उल्लंघन है।

**आदिवासी अधिकारों की हत्या या सरकारी संरक्षण में ज़मीन लूट :** सवाल यह उठता है कि कैसे एक आदिवासी की जमीन गैर-आदिवासी को बेची गई, जबकि कानून साफ तौर पर कहता है कि बिना जिला कलेक्टर की अनुमति के आदिवासी ज़मीन की रजिस्ट्री गैर-आदिवासी को नहीं हो सकती? रजिस्ट्रार और पटवारी ने कैसे दस्तावेज़ सत्यापित किए? क्या इस प्रक्रिया में जानबूझकर आंखें मूंदी गईं?क्या यह सुनियोजित ज़मीन घोटाला है, जिसके पीछे एक पूरा नेटवर्क काम कर रहा है?

**क्या यह सिर्फ लापरवाही है या संगठित घोटाला:** रजिस्ट्री में बिना कलेक्टर की अनुमति बिना ग्रामसभा की बैठक, बिना जमीन की जाति-पता पुष्टि, और एक ही जमीन की दो अलग-अलग लोगों को बिक्री यह संकेत करता है कि यह सिर्फ गलती नहीं बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र हो सकता है। इसमें पटवारी, तहसीलदार, रजिस्ट्री विभाग और स्थानीय दलालों की मिलीभगत की आशंका है स्थानीय आदिवासी समाज, सामाजिक कार्यकर्ताओ ने इस मुद्दे को ज़बरदस्त तरीके से उठाया है। उनका कहना है यह ज़मीन सिर्फ मिट्टी नहीं, हमारी पहचान है! कानून ने हमें हक दिया है, कोई कागज का टुकड़ा हमसे हमारी धरती नहीं छीन सकता।

1. आदिवासी समुदाय के लोगो ने उक्त जमीन की रजिस्ट्री को तत्काल निरस्त किया जाए। 2. गणेशी पिता विसराम को उनकी ज़मीन वापस लौटाई जाए। 3. पटवारी, तहसीलदार, रजिस्ट्रार पर स्रद्धक्र दर्ज कर सस्पेंड किया जाए।4. SDM/DM स्तर पर जांच कमेटी गठित हो।5. PESA कानून के उल्लंघन पर मामला हाईकोर्ट तक ले जाया जाए।

यह मामला सिर्फ एक ज़मीन की बिक्री नहीं, बल्कि एक समुदाय के अस्तित्व, उसकी पहचान और उसके संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। यदि अब भी शासन-प्रशासन नहीं जागा, तो यह चुप्पी पूरे आदिवासी समाज में विद्रोह की चिंगारी बन सकती है। मामले के खुलाशा के बाद जिला प्रशासन हरकत मे आई और उक्त जमीन की प्रमाणीकरण (mutation) प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है और इस पूरे मामले की जानकारी जिला कलेक्टर को भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई कलेक्टर के दिशा-निर्देशों पर की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की जमीनें धीरे-धीरे कानूनी जालसाजी के जरिए छीनी जा रही हैं। यह मामला सिर्फ हीराबतर या गरियाबंद का नहीं, पूरे प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में फैलते एक खतरनाक चलन का उदाहरण है।




### स्थानीय लोगों का गुस्सा फूटा

ग्राम हीराबतर और आसपास के गाँवों में इस खुलासे के बाद भारी आक्रोश है। आदिवासी समुदाय ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि हम अपनी ज़मीन किसी गैर-आदिवासी को नहीं देंगे, चाहे कितने ही फर्ज़ी रजिस्ट्रियाँ क्यों न हो जाएं। यह हमारे अधिकारों की लूट है।

### जमीन की बिक्री में तोड़े गए नियम और धाराएं

**क्या कहता है छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 धारा 170(B)**

यह धारा स्पष्ट करती है कि कोई भी आदिवासी अपनी जमीन को गैर-आदिवासी को नहीं बेच सकता, जब तक कि कलेक्टर से विशेष अनुमति न ली गई हो। यदि ऐसा किया गया है, तो वह सौदा शून्य (Void ab initio) माना जाएगा।धारा 170(ष्ट): यदि भूमि का अतिक्रमण या अनुचित हस्तांतरण हुआ है, तो आदिवासी को उसकी जमीन वापस दिलाने का प्रावधान है।

**पेसा अधिनियम, 1996**

यह अधिनियम अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों को विशेष अधिकार देता है, जिनमें भूमि पर नियंत्रण प्रमुख है।किसी भी प्रकार की जमीन बिक्री/हस्तांतरण ग्राम सभा की अनुमति के बिना अवैध मानी जाती है।ग्राम सभा की अनुमति के अभाव में हुई यह रजिस्ट्री, सीधे पेसा अधिनियम की धारा 4(k) और 4(m)(i) का उल्लंघन है। अनुच्छेद 244 और पांचवी अनुसूची: अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासियों के सामाजिक और आर्थिक हितों की रक्षा हेतु विशेष प्रावधान किए गए हैं अनुच्छेद 46: राज्य का यह कर्तव्य है कि वह अनुसूचित जातियों और जनजातियों की भूमि की रक्षा करे और उन्हें गैर-आदिवासियों द्वारा शोषण से बचाए।


**क्या कहते हैं अधिकारी :** इस संबंध मे ज़ब हमारे छुरा संवाददाता ने अनुविभागीय अधिकारी छुरा नेहा भेड़िया से चर्चा की तो उन्होंने कहा की मामले की जांच के लिये कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है मैंने आर आई को आदेशित किया है आर आई द्वारा संबंधित पटवारी को फोन लगाया गया लेकिन पटवारी ने कहा अभी वे राजधानी मे है। चुंकि मामले का समस्त दस्तावेज पटवारी के पास है जैसे ही पटवारी वापस आयेगा दस्तावेज के आधार पर जांच कर कार्यवाही किया जायेगा।

## अमरजीत सलूजा ने सांसद अग्रवाल से मुलाकात कर ट्रेन स्टॉपेज की मांग की



**भाटापारा, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल के भाटापारा आगमन के दौरान स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य अमरजीत सिंह सलूजा ने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में उनसे मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपते हुए भाटापारा में विभिन्न ट्रेनों का स्टॉपेज की मांग की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने भाटापारा आए थे।इतवारी राम यादव स्कूल में आयोजित कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य अमरजीत सिंह सलूजा ने पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में सांसद से मुलाकात कर उनसे 68745/68746 रायपुर कोरबा लोकल को पुनः चालू करने, बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, बिलासपुर हापा एक्सप्रेस, बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस का भाटापारा स्टॉपेज की पुरानी मांग को शीघ्र पूरा कराने की मांग की।वही अमरजीत सिंह ने सिकंदराबाद से रायपुर तक चलने वाली 3 दिवसीय 12771/12772 एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने एवं दुर्ग हटिया के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन 08185/08186 को नियमित ट्रेन के रूप में चलाए जाने बाबत एक मांग पत्र सौंपा है। अमरजीत सिंघ सलूजा ने बताया कि सांसद ने शीघ्र रेल मंत्री से मुलाकात कर मांगो को पूर्ण कराने का आश्वाशन दिया।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में रचा इतिहास




**भाटापारा, 17 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों ने दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल एवं अभिभावकों को गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों त्रिशला रामटेक ने 93.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनीश ठाकुर ने 93% और इशिता मिश्रा ने 91.6% अंक प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। कक्षा 12वीं में दोनों संकायों – वाणिज्य और विज्ञान के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वाणिज्य संकाय से ङ्कमयंक साहू ने 90% नम्रता पटेल ने 86.20%, , श्रेय शुक्ल ने 82.20% अंक प्राप्त किए, विज्ञान संकाय में अभिनव बघेल ने 87%, अपूर्वा मिश्रा ने 84% लक्ष्य टंडन ने 82% अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक निपुणता का परिचय दिया। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, सह-प्रबंधक संदीप गोयल एवं प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा, हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची लगन और सकारात्मक सोच से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। आज का यह परिणाम आने वाले कल की बुलंदियाँ तय करने वाला है।

## सुशासन तिहार के माध्यम से विकासखंड के लोगों की समस्याओं को दूर कर रही है सरकार : टंकराम वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 17 मई।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत ग्राम सांकरा (तिल्दा) में आयोजित समाधान शिविर में मंत्री टंक राम वर्मा सम्मिलित हुए और, जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उनका त्वरित निराकरण किया। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पधारे हितग्राहियों को सामग्री वितरित किया और गोद भराई व अन्नप्रासन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम सांकरा निवासियों की मांगों को पूरा करते हुए विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की जिनमें भवन निर्माण के लिए 30 लाख रु, प्रार्थना शेड के लिए 12 लाख रु, सीसी रोड के लिए 15 लाख रु तथा वार्ड क्र.04, रंगमंच छत ढलाई के लिए 4 लाख रु, आदि शामिल हैं। आयोजित शिवर में एसडीएम आशुतोष देवांगन तहसील दार सहित अनेक विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे शिवर में मंत्री ने ग्राम विकास की बात की और कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सत्कार अनेक विकास कार्य कर रही है।

## 32 पाव देशी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 17 मई।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 15 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मगरचबा रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से 3200 कीमत मूल्य का 32 पाव देसी मसाला शराब एवं एक बाइक जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## जिले में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस सफाई के साथ बचाव का दिया संदेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 मई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस जिले में मनाया गया। इस वर्ष की थीम है -डेंगू कोहराने के लिए चेक, क्लीन, कवर स्टेप। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार जिले में डेंगू रोग के रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। इसके अंतर्गत मितानिनों द्वारा घर-घर जा कर लोगों को कूलर, गमले की सफाई हेतु कहा गया उन्हें डेंगू रोग के लक्षणों के बारे में बताते हुए इससे बचने हेतु मच्छरों को न पनपने देने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर जागरूकता रैली भी निकाली गई।

नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि, डेंगू एक वायरल रोग है जो जिसका वाहक मादा एडीज मच्छर होता है। बहुत तेज़ बुखार आना, जोड़ों और मांस पेशियों में दर्द, कमज़ोरी थकान होना, त्वचा पर लाल चकत्ते होना गंभीर मामलों में रक्तस्त्राव होना ये कुछ डेंगू के लक्षण हैं। रक्त की जाँच से डेंगू का पता लगाया जाता है। डेंगू पाए जाने पर अस्पताल में डॉक्टर की देख रेख में उपचार लिया जाना उचित होता है। मरीज को आराम करने की सलाह दी जाती है तथा अन्य आवश्यक दवाइयों का सेवन किया जाना चाहिए। लापरवाही होने पर जान का खतरा रहता है क्योंकि यह एडीज मच्छर का लार्वा रुके हुए पानी में विकसित होता है इसलिए बेहतर होगा डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों को ही न पनपने दिया जाए। इस बाबत सफाई का ध्यान रखा जाए।


**रायपुर विकास प्राधिकरण**
द्वितीय तल, भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
ई-मेल : ceordaryp@gmail.com
www.rdaraipur.com
फोन : (0771) 2536188, 2536788
पी. बी. एक्सः 2533788

क्रमांक 5330/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर, दिनांक 15.05.25

**उद्घोषणा**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-01 योजनांतर्गत श्री मुकेश कुमार जादवानी पिता स्व. प्रताप राय जादवानी को भूखंड क्रमांक सी-172 रकबा 165.90 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्री मुकेश कुमार जादवानी पिता स्व. प्रताप राय जादवानी द्वारा दिनांक 24.04.2025 को शेख इस्माइल पिता स्व. शेख अमीर को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण शेख इस्माइल पिता स्व. शेख अमीर के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक 15/05/25 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर छ.ग.


## ग्राम धमनी में वन जन संगोष्ठी का आयोजन

**बलौदाबाजार, 17 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड पलारी अंतर्गत महानदी के तट पर स्थित ग्राम धमनी के वन विश्राम गृह में गुरुवार को वन प्रबंधन समिति एंव ग्राम पंचायत के साथ वन जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील सहित वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन पर जोर देते हुए प्लास्टिक व पॉलीथिन के उपयोग नहीं करने पर जोर दिया गया।संगोष्ठी में अधिकारियों ने वन की सुरक्षा, पेड़ की सुरक्षा सहित वन को प्लास्टिक मुक्त करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।इसके साथ ही वीट प्रभारी मनबोधन टंडन द्वारा वन परिसर धमनी परिवृत रोहासी अंतर्गत की जानकारी दी गई।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि:- 27/05/2025

| स. क्र. | नि.आ.सु.क्र./ नि.आ.सु., दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 40/2025-26 दिनांक 13/05/2025 | **168365** (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बस्तर, जगदलपुर के पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय में कारीडोर में एम.एस. ग्रिल लगाने वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग एवं ड्रेनेज सिस्टम का मरम्मत कार्य। | **31.91** |
| 2 | 41/2025-26 दिनांक 13/05/2025 | **168367** (प्रथम आमंत्रण) | जिला दन्तेवाड़ा के बारसूर में तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। | **63.49** |
| 3 | 42/2025-26 दिनांक 13/05/2025 | **168368** (प्रथम आमंत्रण) | विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के हर्राकोडेर पिच्चीकोडेर से अमलीधार मार्ग पर 2.00 मी. 1 स्पान कि.मी. 8/6, 400 मी. 1 स्पान कि.मी. 9/6 मी. 8.00 मी. 2 स्पान कि.मी. 9/4, 8.00 मी. 2 स्पान कि.मी. 9/4 पर पुल-पुलिया निर्माण कार्य। | **181.93** |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मण्डल जगदलपुर

जी-252600925/6



**कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह- मई 2025**

क्रमांक 329/रा.वि./मु.न.अ./2025 — भाटापारा, दिनांक-16/01/2025

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिनका नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन किया जा रहा है। यदि उपरोक्त नामों के प्रकाशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री सेवकराम देवांगन पिता भगेला राम देवांगन निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा | श्रीमती लक्ष्मीन बाई जांगड़े पति मोहनलाल जांगड़े निवासी ग्राम करही, सरगांव, पथरिया, मुंगेली | गुरूनानक वार्ड | ख.न. 87/3- का टु. (संशोधित ख.न. 87/15) क्षे. 0.1240 हे. में से 1000 व.फी. आवासीय परिवर्तित भूमि | बैनामा |
| 2 | मु. कुमारी बाई, मु. हेमीन बाई पिसरान मंगलदास घृतलहरे निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा | श्री महेतरू घृतलहरे एवं दादूराम घृतलहरे पिसरान मंगलदास घृतलहरे निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा | भगत सिंह वार्ड | शीट क्र. 17-अ. भू.क्र. 51/3, क्षेत्र. 137 व.मी./1475 व.फी. आवासीय कच्चा मकान | हकत्याग विलेख |
| 3 | श्री गणेश शर्मा पिता मनोहरलाल शर्मा निवासी शांतिपारा, रवान, बलौदाबाजार | श्री मनोज कुमार निषाद पिता नंदकुमार निषाद निवासी कुकदा, भाटापारा | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | ख.नं. 145/5, 146/5 क्षे. 0.012 हे. 1316 व.फी. आवासीय खुला भुखण्ड | बैनामा |
| 4 | श्रीमती शिखा रानी शर्मा पति अमन शर्मा वगैरह पिता गौरीशंकर शर्मा निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा, द्वारा मु.आम अमन शर्मा पिता गौरीशंकर शर्मा | श्री मनहरण वर्मा पिता रामचरण वर्मा निवासी ग्राम ईटई, कुरा, नवागढ़, बेमेतरा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 427/16 का टु. (संशोधित ख.न. 427/36) क्षे. 0.0187 हे. में से 92.93 व.मी./1000 व.फी. आवासीय पक्का मकान | बैनामा |
| 5 | श्री प्रीतम सिह, श्री अजीत सिह, श्री महेन्द्र सिंह पिसरान स्व. मंगतसिंह निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा | श्रीमती अनिता छाबड़िया पति अमर छाबड़िया निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा | बजरंग वार्ड | शीट क्र . 13-सी, भू.क्र. 101/1, क्षेत्र. 140 व.मी./1506 व. फी. आवासीय मकान मय खुला आंगन | बैनामा |
| 6 | श्रीमती राजू देवी गुर्जर पति शैतान सिंह गुर्जर निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा | श्री रोशन जांगड़े पिता रामप्रसाद जांगड़े निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा | परशुराम वार्ड | ख.नं. 565/41, 566/41,567/41, 732/99 शामिल क्षे. 0.0110 हे./ 1230 व.फी. आवासीय खुला भूखण्ड | बैनामा |
| 7 | श्री सत्यनारायण, सीता, सुनीता पिता बलराम साहू, निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा | श्री चन्द्रकांत पिता बलराम साहू निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा | हथनीपारा वार्ड | शीट क्र. 4, ख.न. 796, भू.क्र. 74/3, 75/3, क्षेत्र. क्रमशः 165, 338 व.फी. कुल भू.क्र. 02, कुल क्षे. 503 व.फी. पक्का मकान | हकत्याग विलेख |
| 8 | श्री रामप्रकाश सिंह पिता राजेन्द्र सिंह, श्रीमती रिंकी सिह पति रामप्रकाश सिंह निवासी परसुपुर, पो. काशीपुर, परगना कसवार सरकारी, तह. राजातालाब, जिला वाराणसी (उ.प्र.) द्वारा मु.आम रामप्रकाश सिंह पिता राजेन्द्र सिंह | श्रीमती वैशाली यदु पति कुशल कुमार यदु निवासी मुंशी ईस्माईल वार्ड भाटापारा | गुरूनानक वार्ड | ख.नं. 141/9 का टु. (संशोधित ख.न. 141/34) क्षे. 0.0321 हे. में से 92.93 व.मी./1000 व.फी. व्यपवर्तित खुला भुखण्ड | बैनामा |
| 9 | श्रीमती सुखमती वर्मा पति संतोष वर्मा निवासी दाउ कृष्ण कुमार वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम श्री संतोष वर्मा पिता नाथूराम वर्मा | श्रीमती संतोषी साहू पति विजय शंकर साहू निवासी के. के. वार्ड भाटापारा | महावीर वार्ड | ख.नं. 681/5 का टु. (संशोधित ख.न. 681/5) क्षे. 0.0470 हे. में से 0.0080 हे./810 व.फी. खुली भूमि | बैनामा |
| 10 | श्री अशोक वगैरह पिसरान मोहनदास तनवानी निवासी महासती वार्ड भाटापारा | श्री नंदलाल तनवानी पिता मोहनदास तनवानी निबासी महासती वार्ड भाटापारा | महासती वार्ड | शीट क्र. 10-डी, भू.क्र. 118 क्षेत्र. 753.48 व.फी. आवासीय पक्का मकान | हकत्याग विलेख |
| 11 | श्री मोहन लाल जांगड़े पिता संतराम जांगड़े निवासी ग्राम करही, बिल्हा, बिलासपुर | श्री बालकिशन साहू पिता श्यामलाल साहू एवं पूनम साहू पिता छबिलाल साहू निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा | संतकंवर राम वार्ड | ख.नं. 693/46 क्षे. 0.0080 हे./807 व.फी. आवासीय परिवर्तित खुली भूमि | बैनामा |
| 12 | श्री अमृकचंद राजपाल पिता आयाराम राजपाल निवासी सदर वार्ड भाटापारा, द्वारा मु.आम श्री मनीष कुमार राजपाल पिता अमृकचंद राजपाल | श्रीमती मालती बाजपेयी पति सुशील कुमार बाजपेयी एवं सुशील कुमार बाजपेयी पिता रामेश्वर प्रसा बाजपेयी निवासी सदर वार्ड भाटापारा | सदर वार्ड | ख.नं. 461/9 का टु. (संशोधित ख.न. 461/15) क्षे. 0.006 हे. /624 व.फी. भुखण्ड | बैनामा |
| 13 | श्री विवेक खत्री पिता सुरेश खत्री, महक खत्री पिता सुरेश खत्री निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा | श्रीमती नंदनी खत्री पति सुरेश खत्री एवं अनमोल खत्री पिता सुरेश खत्री निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा | भगतसिंह वार्ड | शीट क्र. 11-डी, भू.क्र. 104 व 105 क्षेत्र. क्रमशः 2368, 2691 व.फी. कुल भू.क्र. 02, कुल क्षे. 5059 खुला भूखण्ड | हकत्याग विलेख |
| 14 | श्री विवेक खत्री पिता सुरेश खत्री, महक खत्री पिता सुरेश खत्री निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा | श्रीमती नंदनी खत्री पति सुरेश खत्री एवं अनमोल खत्री पिता सुरेश खत्री निवासी भगतसिंह वार्ड भाटापारा | भगतसिंह वार्ड | शीट क्र. 11-डी, भू.क्र. 120 व 121 क्षेत्र. क्रमशः 1475 1162 व.फी. कुल भू.क. 02. कुल क्षे. 2637 खुला भूखण्ड | हकत्याग विलेख |
| 15 | श्री नरेन्द्र कुमार भोजवानी पिता ईश्वरदास भोजवानी निवासी सदर बाजार भाटापारा | श्री अमित कुमार पाठक पिता रामसेवक पाठक निवासी भानपुर, तह. मड़ियाहू, जिला जौनपुर उ.प्र. हाल मुकाम ग्राम निपनिया, भाटापारा | गुरूनानक वार्ड | ख.नं. 106/29 का टु. (संशोधित ख.न. 106/74) क्षे. 0.8490 हे. में से 0.021 हे./2200 व.फी. आवासीय खुला भुखण्ड | बैनामा |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

## एक नजर

### गुनरस पिया संगीत समारोह में रचनाओं की प्रस्तुति



**रायपुर, 17 मई।** अंचल के राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त संगीत गुरु पंडित गुणवंत माधवलाल व्यास की 86 वीं जयंती पर दो दिवसीय गुनरस पिया संगीत समारोह का भव्य आयोजन रायपुर में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय (पूर्व आई ए एस) तथा विशेष अतिथि प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ एच पी सिन्हा ने दीप प्रज्जवलन एवं गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जीवा तिवारी ने गुनरस पिया द्वारा राग-बिहग में रचित ताल-तीन ताल में निबद्ध सरस्वती स्तवन- जय शारदे सरस्वती माता, की प्रस्तुति दी। सुशील गोल्हानी ने तबले पर एवं विनोद संघवी ने किबोर्ड पर संगत दी। इसके बाद आमंत्रित कलाकार नीरजा वाघ, डॉ सानिका रूईकर, विशाखा मंगदेएवं ईशान बेलगे ने गुनरस पिया की विभिन्न शास्त्रीय रचानाओं को प्रस्तुत किया। आपके साथ तबले पर ताल मणि अशोक कुर्म एवं संवादिनी पर लालाराम लोनिया ने सुंदर संगत दी।

### नवीन शर्मा बने ट्रांसपोर्ट कैट के प्रदेश अध्यक्ष




**रायपुर, 17 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया गया। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी को नई प्रदेश कैट ट्रांसपोर्ट गठन हेतु अधिकृत किया गया था। पारवानी के मार्गदर्शन में बैठक प्रारंभ हुई, जिसमें कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने नवीन शर्मा के नाम का प्रस्ताव प्रदेश अध्यक्ष कैट ट्रांसपोर्ट पद के लिए प्रस्तुत किया।

### तुर्की और अज़रबैजान के साथ व्यापार बहिष्कार का निर्णय

**रायपुर, 17 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज राजधानी दिल्ली में कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेताओं ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि भारत का व्यापारिक समुदाय तुर्की और अज़रबैजान के साथ हर प्रकार के व्यापार एवं व्यावसायिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करेगा, जिसमें यात्रा और पर्यटन भी शामिल है। व्यापारिक समुदाय ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की है कि वे तुर्की और अज़रबैजान में किसी भी प्रकार की फिल्म की शूटिंग न करें, और यदि कोई फिल्म वहाँ शूट होती है, तो व्यापार जगत और आम जनता ऐसे फिल्मों का बहिष्कार करेगी। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी कॉरपोरेट हाउस तुर्की और अज़रबैजान में अपने उत्पादों के प्रमोशन की शूटिंग नहीं करेगा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि इस सम्मेलन में देश के 24 राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

#### निधन

### राजेश उपाध्याय



**रायपुर, 17 मई।** कारगिल चौक सुन्दर नगर निवासी अधिवक्ता राजेश उपाध्याय का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज शाम महादेवघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रकाश उपाध्याय के भाई थे तथा आशीष उपाध्याय, अभिषेक उपाध्याय के पिता थे।

# कौशल्या विहार में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## आरडीए, निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई



**रायपुर, 17 मई।** कौशल्या विहार क्षेत्र में शनिवार सुबह रायपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. आरडीए की 26 एकड़ जमीन पर सालों से अवैध रूप से बने मकानों और नए निर्माणों को ध्वस्त किया गया.

अवैध निर्माण ध्वस्त करने की कार्रवाई के दौरान मौके पर एसडीएम नंदकुमार चौबे, आरडीए और नगर निगम के अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे. यह जमीन आरडीए की स्वामित्व वाली है, जिस पर लोगों ने बिना अनुमति के कब्जा कर लिया था.

इस बीच यह भी सामने आया है कि कुछ लोगों को फर्जी दस्तावेज़ों के जरिए धोखाधड़ी कर जमीन बेची गई. कौशल्या विहार क्षेत्र में रहने वाले पप्पू खान और समा बेगम ऐसे ही फर्जी जमीन दलालों के शिकार हुए हैं. पप्पू ख़ान ने बताया कि उन्होंने दो वर्ष साल पहले कर्ज लेकर लगभग एक लाख रुपये में उक्त भूमि खरीदी थी और धीरे-धीरे मकान का निर्माण करवा रहे थे. जब प्रशासनिक टीम ने दस्तावेजों की जांच की, तो वे फर्जी पाए गए. प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए फर्जी ज़मीन विक्रेताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की सलाह दी है. साथ ही उनके अभी समान के साथ शिफ्ट किया जा रहा है.

एसडीएम नंद कुमार चौबे ने बताया कि यहां के लोगों को लगातार प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया जा रहा है. लोग गंभीरता से नहीं ले रहे थे, जिसके बाद ये कार्रवाई की जा रही है. हाल ही में निर्मित जिन अवैध मकानों में लोग निवास कर रहे थे, उन्हें वैकल्पिक रूप से बीएसयूपी में स्थानांतरित किया जाएगा. जिनके पास पहले से आवास उपलब्ध हैं, उन्हें वहीं पुनः बसाया जाएगा. उन्होंने कहा कि रायपुर शहर में जहां कहीं भी अवैध निर्माण पाए जाएंगे, वहां प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

# हमने बनाया-हम ही सवारेंगे के उद्देश्य से हो रहा है विकास कार्य : पुरंदर



**रायपुर, 17 मई।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने मदर टेरेसा वार्ड में इंद्र चौक श्याम नगर में विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने 15वें वित्त आयोग से 16.20 लाख की लागत से इंदिरा बाल उद्यान के सौंदर्यीकरण और विधायक निधि से 7 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक मिश्रा ने कहा कि उत्तर विधानसभा को विकसित और सुंदर बनाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि उत्तर विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में विकास और सुंदरता का कार्य प्राथमिकता के साथ हो। इंदिरा बाल उद्यान के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को एक सुंदर और सुरक्षित स्थान मिलेगा, जहां वे अपने खाली समय का सदुपयोग कर सकेंगे। नाली निर्माण कार्य से क्षेत्र की जल निकासी की समस्या का समाधान होगा और क्षेत्र की स्वच्छता में सुधार होगा।

इस अवसर पर मदर टेरेसा वार्ड के पार्षद संतोष साहू, गुरु घासीदास वार्ड के पार्षद महेश ध्रुव, भाजपा जिला मंत्री हरीश ठाकुर, वरिष्ठ नेता संजय कोपुलवार और दीपक पोल्हे सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, जोन-3 के अधिकारी-कर्मचारी एवं वार्ड के देवतुल्य जनता जनार्दन उपस्थित रहे। विधायक मिश्रा ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा तैयार हैं। विधायक मिश्रा ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और क्षेत्र की प्रगति में योगदान दें। उपस्थित लोगों ने विधायक मिश्रा का आभार व्यक्त किया और विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## रेल मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**रायपुर, 17 मई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं उसमें शामिल वीर शहीदों को नमन करते हुए भारत की जीत के हर्ष में रायपुर रेल मंडल के रेल कर्मियों ने अवधेश कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस तिरंगा यात्रा में रायपुर रेल मंडल के स्काउट गाइड रायपुर स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य स्थानीय नागरिक रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने ओजस्वी नारों से शहीदों को याद किया। एवं रायपुर स्टेशन पर पहुंचकर शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद भी उपस्थित रहे।

## मनुस्मृति में बिना भेदभाव के सबका धर्म बताया गया है : शंकराचार्य



**रायपुर, 17 मई।** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गंगा के तट पर स्थित श्रीविद्यामठ में मनुस्मृति पर व्याख्यान करते हुए बताया कि लोग कहते है कि बाबा साहेब अंबेडकर ने मनुस्मृति को जलाया, लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि उन्होंने मनुस्मृति को नहीं जलाया, वो तो संविधान जलाना चाहते थे। शंकराचार्य ने आगे स्पष्ट करते हुए बताया कि बाबा साहेब ने मनुस्मृति को नहीं जलाया। वह एक ब्राह्मण गंगाधर सहस्त्रबुद्धे ने जलाई थी, लेकिन उस वक्त वो भी वहाँ मौजूद थे इसलिए उनका नाम आ गया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने बताया कि अम्बेडकर संविधान जलाना चाहते थे। जब उनसे पूछा गया कि संविधान बनाने में तो आपकी विशेष भूमिका रही है फिर आप उसे क्यों जलाना चाहते हैं तो इस पर उन्होंने जवाब दिया कि मैंने एक मन्दिर बनाया लेकिन उसमें यदि शैतान आकर रहने लगे तो फिर मुझे क्या करना चाहिए? बाबा साहब बाद में खुद संविधान से सन्तुष्ट नहीं थे। मनुस्मृति में तो बिना भेदभाव के सबका धर्म बताया गया है। सनातन ही एकमात्र धर्म है जिसमें यदि बेटा भी कुछ गलत करता है तो उसे भी वही सजा दी जाती है जो किसी अन्य को दी जाती। शंकराचार्य ने कहा कि अम्बेडकरवादी लोगों को बाबा साहेब के उद्देश्यों को पूरा करने को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर धर्म का एक ग्रन्थ होता है। जैसे इसाईयों का धर्मग्रन्थ बाइबिल है, मुसलमानों का कुरान है, इसी प्रकार हमारा भी एक ग्रन्थ वेद है, लेकिन वेद को यदि पढ़ा जाए तो 4524 पुस्तकें मिलाकर 4 वेद बनते हैं और इन्हें समझने के लिए वेदांग की आवश्यकता होती है। और ज्यादा भी नहीं एक वेदांग की यदि 500 भी पुस्तकें मानी जाए तो करीब 3000 पुस्तकें वेदांग की हो गई। इस तरीके से कुल मिलाकर 7524 पुस्तकें हो गईं। यदि वेद को भी पढ़ा जाए तो पूरा जीवन भी कम पड़ जाता है। इसलिए इसका सार जानने की आवश्यकता होती है और वेदों का जो सार है उसी को मनुस्मृति कहा जाता है। शंकराचार्य महाराज ने कहा कि बुद्ध ब्राह्मण कुल में पैदा हुए फिर भी हम उनको पूजते नहीं हैं। राम व कृष्ण को क्षत्रिय कुल में पैदा होने के बाद भी हम पूजते हैं। यदि धर्म का पालन करते वक्त मौत भी आ जाए तो भी उसमें हमारा कल्याण है। इसलिए धर्म कभी नहीं छोड़ना चाहिए। धर्म से ही प्रतिष्ठा मिलती है। यदि स्वर्ग में भी जाएंगे तो वहाँ भी प्रतिष्ठा मिलेगी।

## संविधान बचेगा, लोकतंत्र बचेगा तभी भारत बचेगा : उपाध्याय



**रायपुर, 17 मई।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 19 मई सोमवार को जांजगीर चांपा में संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस सहित छत्तीसगढ़ के आम जनमानस से पहुँचने का आव्हान किया है साथ ही कहा कि संविधान को बचाना हमारा कर्तव्य है और इस कर्तव्य को पूरा करने के लिए जिस प्रकार देश के कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीड़ा उठाया है उनसे कंधे से कंधा मिलाकर छत्तीसगढ़ का एक-एक कांग्रेसी मजबूती के साथ इस कर्तव्य का निर्वहन करेगा। उपाध्याय ने बताया कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए काम की लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक जारी है संविधान को एक तरफ पर अपनी मर्जी से देश को चलाने की कोशिश करने वाली सत्ता के खिलाफ कांग्रेस का जन जागरूकता अभियान हर गली मोहल्ले पर चलेगा, उन्होंने आह्वान किया कि आज जब देश में संविधान खतरे में है तो उसकी रक्षा करने की जिम्मेदारी हर नागरिक की है लेकिन नागरिकों को जागरूक करने की आवश्यकता है जिसका बीड़ा कांग्रेस ने उठाकर पूरे देश में संविधान बचाओ रैली करने का ऐलान किया है इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के जांजगीर में हो रही संविधान बचाओ रैली पूरे छत्तीसगढ़ में संविधान की रक्षा का अलख जगाएगी, विकास उपाध्याय ने बताया कि जांजगीर की धरती से 'संविधान बचाओ यात्रा' की शुरुआत केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का संकल्प है। आज देश में ऐसी अनेक घटनाएँ हुई हैं, जिन्होंने हमारे संविधान के मूल ढांचे को सीधे-सीधे चुनौती दी है।

## ऋषि पंचमी उद्यापन एवं श्रीमद 108 भागवत कथा यज्ञ अगस्त में



**रायपुर, 17 मई।** राधा सखी परिवार द्वारा ऋषि पंचमी उद्यापन एवं अष्टोत्तर श्रीमद् 108 भागवत कथा यज्ञ के आयोजन को लेकर शुक्रवार को बैठक संपन्न हुई, उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि वृंदावन के आचार्य पुनीत कृष्ण महाराज द्वारा जान यज्ञ कराया जाएगा जिसके लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारी बांटी गई।

वही राधा सखी परिवार महिला समिति की अध्यक्ष अंजना अग्रवाल ने बताया कि यज्ञ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है एवं पितृ शांति सहित पितृ मोक्ष हेतु पोथी पाठ भी आयोजित है। ऋषि पंचमी का उद्यापन 28 अगस्त को एवं श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 29 अगस्त से प्रारंभ होगा जिसका समापन 4 सितंबर को होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु वन बंधु परिषद, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन(उमंग शाखा) सहित सोनी समाज एवं हम साथ साथ है फाउंडेशन भी विशेष सहयोग दे रहे है।

बैठक में प्रमुख रूप से अंजना अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, चंचल अग्रवाल, हेमलता बंसल, रश्मि गोयल, बिंदिया अग्रवाल, सविता गुप्ता, अनिता खंडेलवाल, विजिया अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, किरण छाछरिया मौजूद रहे।

## 19 मई को जांजगीर चांपा में होगी कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

**रायपुर, 17 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरूआत जांजगीर चांपा से होगी। 19 मई को जांजगीर चांपा में संविधान बचाओ रैली होगी, उसके बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी।

जांजगीर चांपा में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव जरिता लैतफ्लांग, प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ ने बिलासपुर संभाग एवं जांजगीर चांपा के पदाधिकारियों, विधायकों की बैठक लिया।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट है। हम इस देश के गरीबों को लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

बैठक में पूर्व मंत्री उमेश पटेल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, बालेश्वर साहू, दिलीप लहरिया, कविता प्राण लहरे, शेषराज हरवंश, फूलसिंह राठिया, राघवेन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम कंवर, सुमित्रा धृतलहरे, विनय जायसवाल, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुबोध हरितवाल, मोतीलाल देवांगन, पदमा मनहर, प्रेमचंद जायसी, नोबेल वर्मा, विजय पांडे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रीलबाजों को रेलवे की चेतावनी

**रायपुर, 17 मई।** रायपुर रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल ने रेल पटरियों पर रील बनाने, सेल्फी लेने और अनधिकृत रूप से पटरी पार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। आरपीएफ ने एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है, जिसमें लोगों को बताया जा रहा है कि ये गतिविधियां न केवल रेल अधिनियम, 1989 की धारा 147 और 153 के तहत अपराध हैं, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकती हैं। दोषियों को 7 साल की जेल और जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।

आरपीएफ की टीमें नागपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों, पटरियों के आसपास और नजदीकी गांवों में सक्रिय हैं। वे खास तौर पर युवाओं और बच्चों को रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने, सेल्फी लेने या पटरी पार करने के खतरों से आगाह कर रही हैं। अभियान में लोगों को पैदल उपरी पुल का उपयोग करने और रेलवे नियमों का पालन करने की सलाह दी जा रही है। आरपीएफ ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें गिरफ्तारी और कानूनी दंड शामिल हैं।

नागपुर मंडल के आरपीएफ प्रभारी ने सख्त लहजे में कहा, रेलवे ट्रैक कोई रील स्टूडियो नहीं है! ऐसी हरकतें न केवल आपकी जान को खतरे में डालती हैं, बल्कि ट्रेन परिचालन को भी बाधित करती हैं। अब रील-बाजों पर रेलवे की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 182 और रेल मदद ऐप के जरिए लोग आपात स्थिति में मदद मांग सकते हैं। हाल ही में, रेलवे ट्रैक पर रील बनाने और सेल्फी लेने की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, जिसके चलते कई हादसे भी हुए हैं। आरपीएफ का यह अभियान न केवल लोगों को जागरूक करने के लिए है, बल्कि सख्त कानूनी कार्रवाई के जरिए ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने का भी प्रयास है।

# कांग्रेसियों को स्काई वॉक की समझ नहीं : मूणत





**रायपुर, 17 मई।** आठ साल से अधूरे पड़े स्काई वॉक के निर्माण को पूर्ण करने के लिए साय सरकार के कदम उठाते ही कांग्रेस नेताओं के बयान आने लगे हैं. इस पर रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को कुछ समझ नहीं आता. कुछ भी बोल रहे हैं. कांग्रेस को पहले टेक्निकल रिपोर्ट पढ़नी चाहिए.

पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने स्काई वॉक को लेकर उठ रहे सवालों का प्रेस वार्ता में जबाव दिया. उन्होंने कहा कि साय सरकार ने विकास के लक्ष्य को लेकर कार्ययोजना बनाई है. 2016 में बजट में प्रावधान के साथ शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक से जेल चौक तक स्काई वॉक बनाने का फैसला किया था. 2016-17 में एजेंसी से सर्वे कराकर स्काई वॉक को लेकर लोगों की इच्छा जानी गई. तत्कालीन महापौर, सभापति, ग्रामीण विधायक से उनकी राय जानी गई. इसके बाद 17 दिसंबर 2017 को कार्य की शुरुआत हुई.

इस दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ सभी लोग उपस्थित रहे. तब केवल रेणुका जोगी ने एक सवाल उठाया था, उनके अलावा किसी ने नहीं सवाल नहीं उठाया. सभी सर्वे आज भी पीडब्ल्यूडी विभाग के पास उपलब्ध हैं. काम चलते-चलते कुछ लोगों से सुझाव मिलते गए. 2018 में काम को कंप्लीट करना था, लेकिन नहीं हो पाया. सरकार बदली, तब कांग्रेस ने कहा कि स्काई वॉक नहीं बनना चाहिए. कई स्तरों पर जांच बैठा दी, सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी गठित की. इसके अलावा कलेक्टर के नेतृत्व में जांच समिति बनाई गई. कलेक्टर ने रिपोर्ट में कहा कि स्काई वॉक बनना चाहिए. दूसरी रिपोर्ट में पैसे खर्च होने कारण इस काम को पूर्ण करने की बात कही गई. लेकिन उस समय के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेताओं ने इन रिपोर्ट को गंभीरता से नहीं लिया. कांग्रेस पार्टी में नैतिकता थी, तो उन्हें जांच करना चाहिए था. मैने कहा था कि हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में जांच करा लेते.

मूणत ने कहा कि EOW में FIR होने के बाद जांच की गई, जिसके बाद EOW ने क्लीनचिट देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ? कांग्रेस पार्टी को समझ नहीं आता. 104 करोड़ हो गया कहते हैं, कहां से हो गया? किसी ने कहा कि इसमें फ्लाई ओवर बन जाना चाहिए. पहले टेक्निकल रिपोर्ट को पढ़ना चाहिए था. सुझाव अच्छे हैं. कई लोग राजनीतिक दृष्टि से विरोध करते हैं. राजेश मूणत ने कहा कि तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीन-तीन जांच कमेटी बैठा दी. रायपुर के तात्कालिक कलेक्टर एस. भारतीदासन ने जांच के बाद कहा भी कि स्काई वॉक पूरा करना चाहिए. लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने इस बात को गंभीरता से नहीं लिया था. 2024 तक एजेंसी का टेंडर कैंसिल नहीं किया गया।

## स्काईवॉक अनुपयोगी, शहर की मांग फ्लाई ओवर की

**रायपुर, 17 मई।** राज्य सरकार के द्वारा अधूरे स्काईवॉक को फिर से बनाने के लिए किए गए टेंडर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अधूरे स्काई वॉक पर पैसा खर्च करने के बजाय आम जनता की मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने की दिशा में आगे बढ़े।जिसे वर्तमान एवं भविष्य में भी यातायात समस्या का सामना नही करना पड़ेगा। स्काईवॉक योजना के खिलाफ शहर की जनता बुद्धिजीवी वर्ग व्यापारी डॉक्टर सभी वर्ग थे।आज सरकार ने अधूरे स्काईवॉक को पुनः बनाने का फैसला किया है इसके खिलाफ ही आम जनता की प्रतिक्रिया आ रही है। सरकार को स्काईवॉक को बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए और शहर के भविष्य के मांग के अनुरूप फ्लाई ओवर बनाने पर योजना बनानी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि स्काई वॉक बनाने के लिए पहले लगभग 37 करोड रुपए की राशि का टेंडर हुआ था काम शुरू होने के डेढ़ महीने बाद ही टेंडर की राशि में बढ़ोतरी किया गया जो लगभग 67 करोड रुपया तक पहुँच गया था। लेकिन स्काईवॉक अधूरा ही रहा और आज एक बार फिर 37 करोड रुपए की टेंडर की गई है मतलब स्काईवॉक बनाने में लगभग 104 करोड रुपए की राशि खर्च होगी लेकिन इसका लाभ कुछ नही शहर के लिए स्काईवॉक अनुपयोगी है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26